## ब्रीफ खबरें

### आधार कार्ड जीवन की चाभी है : मीना देवी

**चैनपुर/पलामू ।** प्रखंड के नरसिंहपुर पथरा पंचायत सचिवालय में राष्ट्रीय श्रमिक शिक्षा एवं विकास बोर्ड श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार का जॉन क्षेत्रीय निर्देशालय रांची के तत्वाधान में एकदिवसीय ग्रामीण महिला श्रमिकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ. यह कार्यक्रम पंचायत की मुखिया मीना देवी पति व्यास राम चौरसिया सेवानिवृत्त प्रधानाध्यक के प्रयास से संभव हुआ. कार्यक्रम समन्वयक आशुतोष कुमार पांडेय ने ई-श्रम कार्ड , लेबर कार्ड , श्रमिक बच्चों का छात्रवृति , प्रधानमंत्री श्रम योगी मान धन योजना, अटल पेंशन योजना , श्रमिक मित्र , मोबाइल पर मैसेज व्च्यु, आधार कार्ड के बारे में बिस्तार पूर्वक जानकारी दी.

### सड़क दुर्घटनाओं में 3 घायल,दो रिम्स रेफर

**बालूमाथ(लातेहार)।** थाना क्षेत्र में मंगलवार को दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोग घायल हो गये. पहली घटना चेताग पंचायत के ओल्हेपाट गांव के समीप घटी. यहां केरी गांव निवासी अमन कुमार घासी (20) एवं बारा निवासी देवंती देवी (50) एक बाइक में सवार होकर बालूमाथ से बालू ग्राम की ओर जा रहे थे. इसी दौरान विपरीत दिशा से आ रही अज्ञात वाहन ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया. इसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए. ग्रामीणों द्वारा घायल को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया.

### थाना प्रभारी ने स्थानीय लोगों के साथ की औपचारिक बैठक

**छतरपुर/पलामू ।** थाना में नव पदस्थापित थाना प्रभारी राजेश रंजन ने स्थानीय लोगों और राजनीतिक दलों के साथ बैठक किया. उन्होंने लोगों से अपील किया की शोशल मीडिया पर मिली किसी संदेश को बिना सत्यापन और जांच किए उसे किसी ग्रुप में पोस्ट न करें प्रशासन की नजर रहती है. मौके पर अवर निरीक्षक राहुल कुमार, लठेया पिकेट प्रभारी धर्मवीर कुमार यादव, प्रमुख उर्मिला कुमारी, उप प्रमुख संतोष कुमार यादव, गुड्डु अंसारी, कैलाश यादव, कुर्बान अंसारी सहित कई लोग मौजूद थे.

### दुर्गानंद झा ने शिक्षा संयुक्त निदेशक का संभाला प्रभार

**मेदिनीनगर।** पलामू के क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक के पद पर आज दुर्गानन्द झा (झा.शि.से.) ने पदभार ग्रहण किया. साथ ही पलामू के जिला शिक्षा पदाधिकारी का पदभार भी संभाला. बता दें कि श्री झा इसके पूर्व साहेबगंज में जिला शिक्षा पदाधिकारी थे व जिला शिक्षा अधीक्षक के अतिरिक्त प्रभार में थे. मौके पर क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक कार्यालय के ज्ञानेश्वर पाठक, नीरज सिन्हा, शितलेश कुमार सिंह, रंजीत कुमार सिंह, मनीयस राज, लक्ष्मण राम आदि उपस्थित थे. कर्मियों ने माला पहनाकर उनका स्वागत किया.

### भाजपा ओबीसी मोर्चा चलाएगा वृहद कार्यक्रम: प्रदीप केसरी

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनता पार्टी ओबीसी मोर्चा के जिला कमेटी की बैठक मंगलवार को भाजपा जिला कार्यालय में हुई. बैठक की अध्यक्षता ओबीसी मोर्चा के पलामू जिलाध्यक्ष शंकर गुप्ता ने की. बैठक का शुभारंभ वंदे मातरम गान के साथ किया गया. मुख्य अतिथि ओबीसी मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप केसरी उपस्थित थे. उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के तहत विभिन्न विस क्षेत्र मे ओबीसी समाज सम्मेलन, ओबीसी युवा संवाद, लाभार्थी जनसंपर्क अभियान ओबीसी छात्रावास में संवाद कार्यक्रम आयोजित किया जाना है .

### बरवाडीह प्रखंड कार्यालय सभागार में पंसस की बैठक गहमा-गहमी और हंगामा के बीच हुई संपन्न

# योजना को लेकर भिड़ गए उप प्रमुख व पंसस के पति

**संवाददाता। बरवाडीह (लातेहार)**



प्रखंड कार्यालय सभागार में सोमवार को पंचायत समिति की एक बैठक आयोजित की गयी थी. लेकिन यह बैठक गहमा गहमी और हंगामे के बीच संपन्न हुई. इस बैठक की जानकारी किसी मीडिया कर्मी को नहीं थी. बाद में बैठक में हुई हंगामे की जानकारी सभागार से बाहर निकल गयी और आग की तरह फैल गयी. बताया जाता है कि बैठक की अध्यक्षता प्रमुख सुशीला देवी कर रही थी. बैठक में उप प्रमुख बिरेंद्र जयसवाल समेत सभी पंचायत समिति सदस्य बैठक में मौजूद थे. बीडीओ उपिस्थत नहीं थी. बैठक के दौरान उप प्रमुख बिरेंद्र जायसवाल और पोखरी कला पंचायत समिति सदस्य के पति अफजल अंसारी के बीच किसी बात को लेकर बहस शुरू हो गयी. इसके बाद काफी हंगामा शुरू हो गया. हालांकि इस बैठक की जानकारी किसी मीडियाकर्मी को भी नहीं दी गई थी. प्रमुख सुशीला देवी से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि यह समीक्षा बैठक नहीं थी. सरकार से मिले फंड को विभिन्न पंचायतों के विकास कार्यों में लगाने को लेकर यह बैठक आयोजित की गई थी. प्रति वर्ष एक पंचायत में चार लाख रुपए ही फंड आते है. पंचायत समिति पोखरी कला के द्वारा वित्तीय वर्ष चार लाख से अधिक का कार्य कराया जा चुका है. बावजूद उनके द्वारा पिछले वित्तीय वर्ष के बचे हुए दो अन्य काम की मांग फिर से की जा रही थी.इसी बात को लेकर बहस होने लगी. उन्होने कहा कि उन्होंने दोनों को काफी समझाने का प्रयास किया. प्रमुख ने कहा कि आने वाले बैठकों में सदस्यों के साथ उनके पति को शामिल होने की अनुमति नहीं दी जाएगी.इधर, पंसस पोखरी कला के पति अफजल ने बताया कि लगभग सभी पंसस के साथ उनके पति भी बैठक में मौजूद रहते है. लेकिन उप प्रमुख के द्वारा सिर्फ मुझे बैठक से बाहर करने की बात कही गई. अगर किसी की पत्नी के पास अनुभव की कमी है तो उनके प्रतिनिधि के रूप में विकास कार्यों में सहयोग करना गलत कैसे है.

**खास बातें**

- बैठक में सभी पंसस मौजूद थे, बीडीओ उपिस्थत नहीं थी
- उप प्रमुख व पंसस पति के बीच योजना के आवंटन को लेकर हुई थी बहस

**क्या कहते हैं बीडीओ**

इस संबंध में बीडीओ रेशमा रेखा मिंज ने कहा कि कल की बैठक में हम नहीं थे, आज भी सुबह से जिला में बैठक था .अभी भी मैं लातेहार में ही हूं. पंचायत समिति की बैठक तो हो गई है. इसकी प्रोसीडिंग की जानकारी नहीं ले पाई हूं.

### एक अरब 45 करोड़ 73 लाख की योजनाओं का शिलान्यास-उद्घाटन

# काफी अल्प समय में फर्श से अर्श तक पहुंच गया गढ़वा : मिथिलेश

**संवाददाता। गढ़वा**

गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के मेराल प्रखंड को बड़ी सौगात मिली है. गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता व उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने मेराल प्रखंड के बंका हाई स्कूल के मैदान में एक अरब 45 करोड़ 73 लाख रुपए की योजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया. मंत्री श्री ठाकुर ने मंगलवार को विधिवत पूजा अर्चना कर, नारियल फोड़ कर एवं शिलापट्ट का अनावरण कर किया. इनमें विभिन्न विभागों की एक अरब 38 करोड़ 17 लाख रुपए की लागत से बनने वाली योजनाओं का शिलान्यास तथा पेयजल एवं स्वच्छता विभाग की सात करोड़ 56 लाख रुपए की लागत से निर्मित योजना का उद्घाटन किया गया. शिलान्यास किए गए योजनाओं में एक अरब 6 करोड़ 66 लाख 32 हजार 900 रुपए की लगत से ग्रामीण कार्य विभाग से 118.685 किमी सड़क निर्माण, तीन करोड़ 58 लाख 89 हजार 400 रुपए की लागत से जिला योजना मद से 1.316 किमी सड़क निर्माण, 11 करोड़ 42 लाख एक हजार 100 रुपए की लागत से ग्रामीण कार्य विभाग एवं विशेष प्रमंडल से पुल का निर्माण, 15 करोड़ 28 लाख 23 हजार 100 रुपए की लागत से भवन निर्माण विभाग से पिछड़ी जाति आवासीय विद्यालय का निर्माण तथा एक करोड़ 21 लाख 55 हजार रुपए की लागत से भूमि संरक्षण विभाग की योजनाओं का शिलान्यास शामिल है. **ये लोग थे मौजूद :** मौके पर मुख्य रूप से बीस सूत्री जिला उपाध्यक्ष नितेश सिंह, झामुमो केंद्रीय प्रवक्ता धीरज दुबे, जिलाध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रेखा चौबे, दीपमाला, चंदा देवी, मिथिलेश कुमार देव, दशरथ प्रसाद, हेमंत सिंह, मनोज कुमार मिश्रा, लाला सिंह, रेखा पाठक, शंभू प्रसाद, अतहर अली सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे.

**जरूरतमंदों की सेवा के लिए मैं दिन रात समर्पित हूं**



मौके पर मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि मेरी सरकार तथा मेरा कार्यकाल में शिलान्यास तथा उद्घाटन दिनचर्या के रूप में शामिल हो गया है. उन्होंने कहा कि क्षेत्र का विकास एवं जरूरतमंदों की सेवा के लिए मैं दिन रात समर्पित हूं. यह आपके ऊपर मेरा उपकार नहीं है. बल्कि जनप्रतिनिधि होने के नाते यह मेरी जिम्मेवारी है. उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकार में केवल घोषणा तथा लोगों का ठगने का काम किया जाता था. लेकिन जब से 2019 में झारखंड मुक्ति मोर्चा की सरकार बनी है घोषणा कम काम ज्यादा किया जा रहा है. श्री ठाकुर ने कहा कि हेमंत सोरेन सरकार द्वारा गरीबों के हित में कई योजनाएं चलाई जा रही है जिनमें 20 लाख लोगों के लिए अबुआ आवास योजना, 50 वर्ष उम्र की सभी वर्ग की महिलाओं के लिए सर्वजन पेंशन तथा 50 वर्ष पूरा कर चुके हरिजन आदिवासी पुरुष वर्ग के लोगों को पेंशन उपलब्ध कराया जा रहा है. कहा कि तीन दिन पूर्व करीब 100 करोड रुपए की लागत से गढ़वा में समाहरनालय, बिरसा पार्क, बस स्टैंड खेल का मैदान इत्यादि का उद्घाटन मुख्यमंत्री चंपई सोरेन द्वारा किया गया .

**हेमंत सोरेन केंद्र सरकार के षड्यंत्र से बाहर निकलेंगे**

मंत्री श्री ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार षड्यंत्र के तहत आदिवासी, गरीब दलित, पिछड़े, शोषित तथा वंचित वर्ग के लिए रात दिन काम करने वाले पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सरकार की क्रियाकलापों से घबराकर जेल भेजवाया है. उन्होंने कहा कि अगर आप लोगों का सहयोग एवं समर्थन रहा तो हेमंत सोरेन केंद्र सरकार के षड्यंत्र के शिकंजे से शीघ्र बाहर आएंगे. कहा भाजपा की सरकार में एक मात्र वही केंद्रीय मंत्री है जो जात-पात, पार्टी पॉलिटिक्स, धर्म, समुदाय के भेदभाव से ऊपर उठकर जनहित विकास के लिए समर्पित हैं. कार्यक्रम में उपस्थित पेय जल स्वच्छता विभाग, आरआईओ, पथ प्रमंडल तथा भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता ने गढ़वा जिले में चलाए जा रहे योजनाओं के शिलान्यास एवं उद्घाटन के बारे में लोगों को अवगत कराया.

### क्रिकेट ट्रॉफी पर रामबीघा की टीम ने कब्जा जमाया

**हुसैनाबाद, पलामू ।** हुसैनाबाद नगर पंचायत अंतर्गत गम्हारिया में जय जम्होरी मैया क्लब ने क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया. फाइनल मैच कबरा बनाम रामबीघा के बीच खेला गया. फाइनल मैच के मुख्य अतिथि भाजपा के झारखंड प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविंद्र कुमार सिंह मौजूद थे. रोमांचक मैच में रामबीघा से कबरा को 5 रन से हरा कर क्रिकेट ट्रॉफी पर कब्जा कर लिया. विजेता टीम रामबीघा को ट्रॉफी के साथ-साथ चार हजार रूपये नगद दिये गये. वहीं उप विजेता टीम को ट्रॉफी और दो हजार रूपये नगर राशि दी गयी.मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविंद्र कुमार सिंह उर्फ़ बबलू सिंह ने ट्रॉफी देकर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया. मौके पर उन्होंने कहा कि दोनों टीमों ने शानदार क्रिकेट खेली.

### बोधनवाला ट्राफी में भाग लेने के लिए टीम की घोषणा

**लातेहार।** झारखंड राज्य क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित बोधनवाला ट्रॉफी 2023-24 में भाग लेने लिए लातेहार जिला टीम के खिलाड़ियों के नामों की घोषणा कर दी गयी है. चयन समिति के जावेद अख्तर ने 17 सदस्यीय टीम की घोषणा की. टीम के खिलाड़ियों में श्रवण महली (कप्तान), प्रभात कुमार यादव (उपकप्तान) ,रौशन कुमार गुप्ता, राजा बाबू (विकेट कीपर), सनी सचिन तिवारी, अमोश एक्का, कुमार आस्तिक, आकाश कुमार सिन्हा, विकास पांडेय, राकेश यादव , प्रभात कुमार सिंह, रितिक अनंत, राम कुमार साहनी , अमन कुमार झा, धनंजय पांडेय (विकेट कीपर), आलोक कुमार यादव व हर्ष राणा का नाम शामिल है. जबकि स्टेंड बाय खिलाड़ियों में हर्ष कुमार, अनिकेत पाठक , जयदेव, अमित मिश्रा तथा मो इमरान को रखा गया है.

### यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो अभियान को लेकर यूथ कांग्रेस की बैठक

# लातेहार के दोनों विधानसभा में यूथ कांग्रेस मजबूत: अमित



**संवाददाता। बरवाडीह (लातेहार)**

बरवाडीह कांग्रेस कार्यालय में यूथ कांग्रेस के जिला अध्यक्ष अमित यादव के अध्यक्षता में यूथ जोड़ो बूथ जोड़ो अभियान को लेकर मंगलवार को बैठक किया गया. अमित यादव ने कहा कि लातेहार जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्रों में यूथ कांग्रेस मजबूत है. उन्होंने हिमाचल प्रदेश और कर्नाटक के बाद कांग्रेस ने इस आउटरीच कार्यक्रम को झारखंड के अपने चतरा लोकसभा क्षेत्र में शुरू किया है. उन्होंने बताया कि यूथ जोड़ो, बूथ जोड़ो अभियान में पार्टी ने एक बूथ पर छह लोगों की टीम तैनात की है.जिसमें से पांच कार्यकर्ता घर-घर जायेगें और एक सोशल मीडिया संभालेगा. प्रत्येक सत्यापित मतदाता को फिर वेब पोर्टल में दर्ज किया जाता है. अभियान का उद्देश्य युवा मतदाताओं को लक्षित करना है.लोकसभा चुनाव में पहली बार मतदान करने वाले वोटरों पर खास ध्यान रखा गया है. यूथ कांग्रेस के प्रदेश कोऑर्डिनेटर सह जिला उपाध्यक्ष हिमांशु गुप्ता (रिक्की) ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में पार्टी पूरी मजबूती के साथ मैदान में उतरेगी .

# बरवाडीह में मांगों को लेकर रेल कर्मियों ने किया विरोध प्रदर्शन

**संवाददता। बरवाडीह (लातेहोर)**



कठुआ रोल डाउन के मामले में बगैर जांच किए एलपी, एएलपी व एसएम और प्वाइंट मैन को नौकरी से सीधे बर्खास्त किए जाने के खिलाफ पूरे देश भर में रेल कर्मचारियों द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जा रहा हैं. मंगलवार को ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टाफ एसोसिएशन के के आह्वान पर रेलवे पदाधिकारी व कर्मचारियों ने बरवाडीह रेलवे स्टेशन के क्रू- लॉबी के समक्ष विरोध प्रदर्शन किया. इसका नेतृत्व शाखा सचिव कमलेश कुमार ने किया. कमलेश कुमार ने कहा कि कठुआ में स्टेशन पर खड़ी गाड़ी के लुढ़कने (रॉल डाउन) के मामले में एलपी, /एएलपी , एसएम और प्वाइंट मैन को डीएआर-1968 के नियम -14 (2) का गलत प्रयोग कर बिना सामूहिक जांच प्रतिवेदन के नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया है. यह रेल कर्मचारियों के प्रति वरीय अधिकारियों की गलत नीति को दर्शाता है. इस घटना की उच्चस्तरीय कमेटी बनाकर जांच करनी चाहिए थी.अधिकारियों के इस प्रकार के कर्मचारी विरोधी रवैए का अलरसा पुरजोर विरोध करती हैं. विरोध प्रदर्शन कार्यक्रम में संजीव कुमार, राजीव रंजन, एमके मेहरा, राजू कुमार, अजय कुमार, कुमुद कुमार, संतोष कुमार, विश्व रंजन कुमार, मनोज कुमार, प्रदीप कुमार, बीएन पटेल, पंकज कुमार और बहुत सारे लोको पायलट एवं सहायक लोको पायलट तथा ट्रेन मैनेजर आदि शामिल थे.

**खास बातें**

- एलपी,एएलपी व एसएम और प्वाइंट मैन को नौकरी से बर्खास्त करने का विरोध
- घटना की उच्चस्तरीय कमेटी बनाकर जांच कराने की मांग

**अभियान** स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता को लेकर विविध कार्यक्रमों का आयोजन

# डीसी ने किया मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को रवाना

**संवाददाता। गढ़वा**



जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शेखर जमुआर ने मंगलवार को समाहरणालय परिसर से जिला स्तर पर रैली सह मानव श्रृंखला के माध्यम से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया. इस दौरान समूह एवं साक्षरता समिति की महिलाएं उपस्थित थी.मौके पर डीसी श्री जमुआर ने कहा कि स्वीप के तहत इस कार्यक्रम के जरिये मतदान करने को लेकर आमजनों में जागरूकता फैलाने का कार्य किया जा रहा है. जनजागरूकता को लेकर इस रैली सह मानव श्रृंखला का मुख्य उद्देश्य बिना किसी दबाव, धमकी, लोभ-लालच अथवा बिना किसी से प्रभावित हुए अपने सूझबूझ से सही उम्मीदवार को मत देकर अपने नैतिक मताधिकार का उपयोग कराया जाना है. इस रैली सह मानव श्रृंखला के माध्यम से लोगो को नैतिक मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है. मौके पर डीडीसी पशुपति नाथ मिश्रा, एसी मतियस विजय टोप्पो, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुशील कुमार राय, जेएसएलपीएस के डीपीएम सुशील कुमार दास आदि पदाधिकारी उपस्थित थे.

**निर्भीक होकर करें मतदान, पुलिस आपके साथ**



**मेदिनीनगर ।** पलामू के जोनल आईजी नरेंद्र कुमार सिंह ने मंगलवार को पदभार संभाल लिया. पदभार ग्रहण के बाद उन्होंने कोर्ट और जेल की सुरक्षा का जायजा लिया. इस दौरान सुरक्षा और कई बिंदुओं को लेकर अधिकारियों को कई निर्देश भी दिए. आईजी नरेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारी जोर-शोर से चल रही है. इंटर स्टेट बैठक का एक फेज हो चुका है. पलामू जोन में बिहार, छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश का बॉर्डर एरिया आता है. दूसरी इंटर स्टेट बैठक जल्द होगी. वे सभी इंटर चेक पोस्ट को खुद जाकर जांच करेंगे. आईजी ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में लोग बढ़-चढ़कर भय मुक्त मतदान करें. पुलिस हमेशा जनता के साथ है.

### मतदाता जागरूकता के लिए यूथ मैराथन का आयोजन

**लातेहार।** आगामी लोकसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत आम मतदाताओं को विभिन्न माध्यमों से जागरूक किया जा रहा है. मंगलवार को इसे ले कर यूथ मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया. यूथ मैराथन दौड़ जिला खेल स्टेडियम से प्रारंभ हो कर कारगिल पार्क तक पहुंची. यूथ मैराथन में बनवारी साहु महाविद्याललय व एनसीसी समेत विभिन्न विद्यालयों के छात्र व छात्राओं ने भाग लिया. दौड़ में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया. अभियान का नेतृत्व आईटीडीए निदेशक प्रवीण कुमार गागराई, स्वीप नोडल पदाधिकारी अनिल मिंज, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ चंदन व जिला खेल पदाधिकारी संजीत कुमार द्वारा किया गया.

## न्यूज अपडेट

### विधायक ने की छतरपुर को जिला बनाने की मांग



**मेदिनीनगर।** छतरपुर विधायक पुष्पा देवी ने मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन से मुलाकात की. उन्होंने पलामू प्रमण्डल अन्तर्गत छतरपुर अनुमंडल को जिला बनाने की मांग की. उन्होंने कहा कि छतरपुर अनुमण्डल जिला बनने के सभी अर्हता को पूरा करता है. पलामू जिले के अतिउग्रवाद प्रभावित एवं अतिपिछड़ा प्रखण्ड नौडिहा बाजार, हरिहरगंज, पिपरा, हुसैनाबाद, हैदरनगर प्रखंड की उक्त प्रखण्ड के लोगों को जिला मुख्यालय से संबंधित कार्य को कराने में काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है. यदि छतरपुर अनुमण्डल को जिला बना दिया जाए तो यह दूरी घटकर मात्र 20 से 22 किमी रह जाएगी. विधायक ने सीएम श्री सोरेन से कहा कि पिछले विधानसभा सत्र में भी मैने गैरसरकारी संकल्प के माध्यम से सरकार के समक्ष छतरपुर को जिला बनाने से संबंधित प्रस्ताव लाया था.

### खेत में काम कर रही महिला पर चलाई गोली, घायल

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के भड़गावा चट्टीपार में अपराधियों ने 60 वर्षीया बुजुर्ग महिला सुमित्रा देवी पर गोली चला दी. इस घटना में सुमित्रा देवी बाल-बाल बच गईं. गोली उनके बांह और पैर को छूते हुए निकल गई. या है. महिला को जख़्मी हालत में इलाज के लिए एमएमसीएच लाया गया. सुमित्रा देवी के अनुसार दोपहर के लगभग तीन बजे वह घर के पास ही खेत में काम कर रही थी. इसी दौरान दो युवक वहां पहुंचे और उससे पूछा कि दादी यहां गांजा पी रहे हैं कोई दिक्कत है क्या. युवकों ने तीन बार इसी तरह पूछा और फिर गांजा पीनेलगे. गांजा पीकर युवक कुछ दूर गए और फिर वापस लौटे तो दोनों के हाथ में बंदूक था. बंदूक देखते ही महिला घर की ओर भागी, तब तक युवकों ने उनसे मारने के लिए गोली चला दी. इधर, घटना की सूचना के बाद चैनपुर थाना पुलिस महिला को लेकर हॉस्पिटल पहुंची. जख़्मी महिला के पुत्र जय प्रकाश मांझी ने बताया कि अपराधियों की संख्या तीन थी. एक अपराधी थोड़ी दूर पर मोटरसाइकिल स्टार्ट कर खड़ा था. दोनों अपराधी गोली चलाने के बाद उसी मोटरसाइकिल पर बैठकर भाग गए. उसने बताया कि कल्याणपुर निवासी जमीन कारोबारी धर्मेंद्र प्रजापति के साथ उनका जमीन.विवाद चल रहा है.

### भाजपा ने निकाली नारी शक्ति बंधन पदयात्रा



**पाटन, पलामू :** भारतीय जनता पार्टी ने किशनपुर मंडल में नारी शक्ति बंधन पदयात्रा निकाली. इसकी अध्यक्षता किशनपुर मंडल अध्यक्ष संतोष पांडे ने किया. कार्यक्रम के विधानसभा प्रभारी जिला महामंत्री सुजाता सिंह, जिला मीडिया प्रभारी नीलम देवी, किशनपुर मंडल अध्यक्ष महिला मोर्चा नीलिमा झा, पूनम देवी, सांसद प्रतिनिधि हेमंत जी, किशनपुर पंचायत के मुखिया सह सांसद प्रतिनिधि किशनपुर मंडल सुमन गुप्ता, जिला कार्यकारिणी सदस्य अशोक तिवारी, निर्मला देवी, संगीता मिश्रा, कविता देवी, सुषमा देवी, फुलवंती देवी, सरिता देवी समेत कई महिलाएं मौजूद थीं. विधायक पुष्पा देवी, जिला मंत्री रेणु देवी ने महिलाओं को लेकर पूरे किशनपुर में पदयात्रा की और मोदी सरकार की उपलब्धियों से लोगो को अवगत कराया.

### ऑनलाइन रसीद काटने की मांग , ग्रामीण करेंगे आंदोलन



**लातेहार।** सदर प्रखंड के दुगिला ग्राम के ग्रामीणों ने उनके पूर्वजों की ऑफलाइन रसीद को ऑनलाइन करने की मांग को ले कर आंदोलन करेंगे. मंगलवार को ग्रामीणों ने दुगिला ग्राम के चारमुहान में ग्रामसभा की. ग्रामसभा में उक्त निर्णय लिया गया. ग्रामीणों ने ग्रामसभा में कहा कि यदि दुगिला गांव के उनके पूर्वजों की जमीन को ऑफलाइन से ऑनलाइन नहीं किया गया तो अंचल व समाहरणालय का घेराव किया जायेगा. ग्रामसभा में ग्रामीणों ने प्रशासन के विरोध में जम कर नारेबाजी की. ग्रामीणों ने कहा कि आदेश के बावजूद भी लातेहार अंचल में ऑनलाइन रसीद नहीं काटा जा रहा है. इस कारण ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. ग्रामीणों ने कहा कि इसी पहले उपायुक्त जिला पुलिस अधीक्षक और अंचल कार्यालय को आवेदन दिया जा चुका है.

### एबीवीपी ने लगाया शिविर, 11 यूनिट रक्त संग्रह



**लातेहार ।** शहर के राजहार में स्थित गांधी इंटर कॉलेज में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के द्वारा स्टूडेंट फॉर सेवा (एसएफएस) के तहत स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. मौके पर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कुमार नवनीत ने कहा कि रक्तदान महादान है, आपके द्वारा किए गए रक्तदान से किसी की जान बच सकती है. हरेक स्वस्थ मनुष्य 90 दिन के अंतराल पर रक्तदान कर सकता है.महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.दशरथ प्रसाद साहू ने कहा कि हर स्वस्थ मनुष्य को रक्तदान करना चाहिए.मानव रक्त का कोई विकल्प नहीं है, इसे दान देकर ही संग्रह किया जा सकता है.उन्होंने जन्मदिन व सालगिरह एवं अन्य शुभ अवसरों पर रक्तदान करने की अपील छात्रों से की. उन्होंने कहा कि रक्तदान करने से किसी प्रकार की कमजोरी नहीं होती है.

### मतांतरण व अंतरजातीय विवाह नहीं करने की दी नसीहत



**गुमला ।** चीक बड़ाईक उत्थान समाज पालकोट प्रखंड कार्यकारिणी की बैठक सह वनभोज सम्मेलन तपकारा डैम किनारे प्रखंड अध्यक्ष राहुल बड़ाईक की अध्यक्षता में आयोजित की गई. झारखंड प्रदेश चीक बड़ाईक उत्थान समिति के अध्यक्ष दिलीप बड़ाईक ने समाज को शिक्षित संगठित और सशक्त बनाने की वकालत की. लोगों से किसी के लालच में मतांतरण नहीं करने तथा युवक युवतियों को अन्तर जातीय विवाह नहीं करने का अनुरोध किया. पूर्वजों के धर्म और संस्कृति की रक्षा करने का संकल्प लिया. मौके पर जिला अध्यक्ष युगल किशोर बड़ाईक, लक्ष्मण बड़ाईक, गणपति बड़ाईक, आनन्द बड़ाईक, सचिव जयनाथ बड़ाईक, सह सचिव जगेश्वर बड़ाईक, कोषाध्यक्ष प्रदीप बड़ाईक, राहुल बड़ाईक, शंकर बड़ाईक ,जतिन बड़ाईक आदि उपस्थित थे.

### तेंदार स्कूल के बरामदा से किशोर का शव बरामद

**गुमला ।** ग्रामीणों की सूचना पर घाघरा थाना की पुलिस ने मंगलवार को तेंदार विद्यालय के बरामदा से अंकित उरांव नामक किशोर का शव बरामद किया है. पुलिस ने पंचनामा के बाद शव को अपने कब्जे में ले लिया और पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर अस्पताल भेज दिया. थाना प्रभारी तरुण कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया किशोर की लाठी डंडा से सिर पर वार कर हत्या की घटना को अंजाम दिया गया है. ग्रामीणों के अनुसार थाना प्रभारी ने बताया कि यह बच्चा गांव के ही एक युवक से रहता था. घटना की रात किशोर घर में नहीं था. मंगलवार की सुबह गांव के बच्चे जब स्कूल पहुंचे तो बच्चे का शव देखा. इसकी सूचना गांव में फैल गया. शव को देखने के लिए ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई. ग्रामीणों ने घटना की सूचना घाघरा थाना को दी. थाना प्रभारी ने कहा कि मामले की अनुसंधान की जा रही है.

### जनता दरबार में उपायुक्त ने सुनी लोगों की शिकायतें



**लातेहार।** मंगलवार को समाहरणालय में आयोजित जनता दरबार में उपायुक्त गरिमा सिंह ने जिले के विभिन्न प्रखंडों से आये ग्रामीणों की शिकायतों को सुना एवं संबंधित अधिकारियों को शिकायतों को दूर करने का निर्देश दिया.उपायुक्त ने सभी आवेदकों की शिकायतों को सुना एवं निराकरण का आश्वासन दिया. जनता दरबार में कुल 20 आवेदन प्राप्त हुए. इसमें अधिकांश आवेदन अबुआ आवास, जमीन विवाद, रोजगार व शिक्षा आदि से संबंधित थे. उपायुक्त ने आवेदनों को संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को अग्रसारित कर शीघ्र निष्पादित करने का निर्देश दिया गया.

## ब्रीफ खबरें

### शिक्षा का मंदिर धीरे-धीरे खो रहा अपना अस्तित्व

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के पानीजा के अवस्थित प्राथमिक विद्यालय विलय होने पर भवन अपना अस्तित्व खोता चला जा रहा है. ग्रामीणों का कहना है कि रघुवर सरकार के शासनकाल में यह विद्यालय को बंद करके अपने समीप अवस्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय महुलडांगरी में विलय कर दिया गया था. तभी से इस भवन बंद पड़ा हुआ है जो रखरखाव के कारण अपना अस्तित्व खोता चला जा रहा है. साथ ही यहां पढ़ने वाले विद्यार्थियों को अभी दूर अवस्थित विद्यालय में जाना पड़ रहा है. जिसे छोटे-छोटे बच्चों को त्रप्ति गर्मी, बरसात तथा जाड़े में दूर अवस्थित विद्यालय जाना पड़ रहा है.

### विधायक ने किया जाहेरगाढ़ खेराबंदी का शिलान्यास

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के भूतिया पंचायत अंतर्गत आंगारीशोल गांव में मंगलवार को विधायक समीर कुमार मोहंती ने जाहेरगाड़ स्थान का घेरा बंदी का नारियल फोड़कर कर किया शिलान्यास.वहीं विधायक ने बताया कि इस जहेरगाढ़ स्थान का घेराबंदी के लिए ग्रामीणों का वर्षों पुरानी मांग था. इस मौके पर बीस सूत्री उपाध्यक्ष सुरेन्द्र नाथ हांसदा, मुखिया विधान चंद्र मंडी, कालापाथर पंचायत के मुखिया शिवचरण हांसदा,विशाल बारीक, रविंद्र नाथ मुर्मू,तारक घटवारी आदि उपस्थित थे.

### मुखिया ने मागे पर्व पर हो समुदाय के बीच वस्त्र बांटे

**मझगांव।** जनजातीय समुदाय 'हो' द्वारा मनाई जाने वाली मागे पोरोब पर मझगांव पंचायत की मुखिया रिलन आभा मधु धान के द्वारा जनजातीय समुदाय के लोगों को धोती एवं साड़ी का वितरण कर पर्व की शुभकामनाएं दी गई. मुखिया रिलन आभा मधुधान ने कहा कि यह प्राकृतिक पर्व है और मैंने अपने पंचायत वासियों से यह वादा किया था कि आपके हर सुख दुख में आपके समक्ष मौजूद रहूंगी. मौके पर नंदीराम हेम्ब्रम, मदन पूर्ति, संजय चातार, अंग वस्त्र धोती प्रदान किया गया. सलाम, मासूम रजा, मोजाहिद अहमद आदि उपस्थित थे.

### चक्रधरपुर रेल मंडल के 28 टिकट निरीक्षकों का प्रमोशन

**चक्रधरपुर।** दक्षिण पूर्व रेलवे के अंतर्गत चक्रधरपुर रेल मंडल के 28 टिकट निरीक्षकों को प्रमोशन मिला है. इन्हें लेवल 7 से लेवल 8 में प्रमोशन दिया गया है. रेलवे बोर्ड द्वारा जारी नये सर्कुलर के आधार पर इन मुख्य टिकट निरीक्षकों को एक दिसंबर 2022 से प्रमोशन का लाभ दिया जायेगा. इसके साथ ही टिकट निरीक्षकों को आर्थिक लाभ रूप से कई फायदें मिलेंगे. अब से पहले अधिकतम 4600 ग्रेड पे तक सीनियर टीटीई रिटायर हो जाते थे.

**इन्हें मिला प्रमोशन :** बी मुर्मू, जे हेंब्रम, कामेश्वर राव, प्रबिर कुमार बोस, श्रीकांत मोहंती, बहादुर लोहरा, पूरनमल सिंह, पीके मिश्रा, राजेश कुमार, लक्ष्मीधर नायक, बसंत कुमार सेठी, निरंजन नायक, आरएन विश्वास, आफरीन कोंगरी, दशरथ माझी, एके पात्रा, बीवीएन राव, स्वरूप कुमार नायक, पीके मोहंती, कुंतल मंडल, देवराज साहू.

### आदित्यपुर रेलवे स्टेशन से अज्ञात का शव बरामद

**आदित्यपुर।** आदित्यपुर रेल स्टेशन के टिकट काउंटर के समीप सुबह एक अज्ञात शव रेल पुलिस ने बरामद किया है. रेलवे पुलिस ने बताया कि लोगों ने इसे रात को शराब के नशे में स्टेशन में घूमते हुए और नाचते हुए देखा था. लेकिन जब सुबह हुई तो लोगों ने उसे मृत पाया . रेलवे पुलिस ने शव को अपने कब्जे में करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है. समाचार लिखे जाने तक शव की पहचान नहीं हो पाई है.

### चाईबासा डिवीजन में रहते करोड़ों की जमीन, प्लॉट खरीदे जाने की चर्चा है

# भवन निर्माण विभाग में ठेकेदारों से 5% कमीशन वसूली!

संवाददाता। किरीबुरु

भवन निर्माण विभाग कार्य प्रमंडल चाईबासा में डीएमएफटी की योजना में निविदा प्रक्रिया के तहत एल-1 हो चुके संवेदकों से कार्य आवंटित का आदेश देने के नाम पर 5 फीसदी कमिशन वसूली की चर्चा जोरों पर है. कार्यपालक अभियंता सैफुल्लाह अंसारी के भ्रष्ट कार्य शैली पर लगातार उंगली उठता रहा है. श्री अंसारी बिगत तीन साल से भी अधिक समय से डिवीजन में कार्यरत हैं. हाल ही में अधीक्षण अभियंता के रूप में विभाग के द्वारा प्रोन्नति दिया गया है. लेकिन अधीक्षण अभियंता के पद पर



पदस्थापन नहीं हुआ है. सूत्रों की माने तो जिला स्तरीय डीएमएफटी और स्वास्थ्य योजना में रांची में बैठे अधीक्षण अभियंता के नाम और ट्रांसफर हो चुके डीडीसी संदीप बक्शी के नाम पर कमिशन वसूलने की बात सामने आ रही है. सूत्रों की माने तो चाईबासा डिवीजन में रहते करोड़ों की जमीन,प्लॉट खरीदे जाने की चर्चा है, जिसकी जांच की भी मांग राज्यपाल से करने के लिए सामाजिक संगठन और राजनीतिक दल के द्वारा किए जाने की सूचना प्राप्त हो रही है. यूं कहा जा सकता है कि आय से अधिक सम्पत्ति का मामला दर्ज करने की कार्रवाई होने से इनकार नहीं किया जा सकता है.

**खास बातें**
- कार्यपालक अभियंता तीन साल से एक ही जगह जमे हुए
- डीएमएफटी और स्वास्थ्य योजना में भी वसूली

#### ऑफ लाइन टेंडर के नाम पर लाखों रु. की वसूली

यह भी मालूम हो कि कार्यपालक अभियंता ने अपने ऊंची पहुंच और पैरवी से पचास लाख तक की योजना को भी ऑफ लाइन टेंडर प्रक्रिया से करने का आदेश मुख्य अभियंता से करा कर टेंडर मैनेज किया जा रहा है . ऑफ लाइन टेंडर कर टेंडर मैनेज के नाम पर लाखों की वसूली किए जाने की सूचना है . सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के ई गवर्न के संकल्प और आदेश को भवन निर्माण विभाग के मुख्य अभियंता के द्वारा नहीं माना गया .

### नेफ्रो प्लस का ईएसआईसी के साथ टाईअप हुआ समाप्त

# ईएसआईसी में रेफरल के बाद अब किडनी मरीजों का डायलिसिस बंद

संवाददाता। आदित्यपुर

ईएसआईसी आदित्यपुर में रेफरल के बाद किडनी मरीजों का डायलिसिस भी आज से बंद कर दिया गया है. जिससे किडनी मरीजों की स्थिति खराब हो गई है. मरीजों के आश्रित बताते हैं कि उन्हें अपने मरीजों का हर महीने 12 डायलिसिस कराने की जरूरत पड़ेगी, जिससे मरीजों को 26 हजार प्रति माह भरने पड़ेंगे. ईएसआईसी के अधीक्षक एमपी मिंज बताते हैं कि ईएसआईसी का डायलिसिस करने वाली नेफ्रो प्लस के साथ टाई अप समाप्त हो चुका है. उसे केन्द्र से सेवाएं समाप्त करने का आदेश मिला है. बता दें कि ईएसआईसी में वर्तमान में 70 मरीज डायलिसिस के हैं, जिन्हें सप्ताह में 3 बार डायलिसिस कराने जरूरत पड़ती है. अब प्रश्न उठता है कि ईएसआईसी में वैसे मजदूर बीमित हैं जिनका वेतन 25 हजार से कम है. अब वे कैसे बाहर में अपने मरीजों को डायलिसिस अफोर्ड कर सकेंगे? बता दें मार्च 2020 से गंभीर बीमारियों का रेफरल भी ईएसआईसी ने बंद कर रखा है.



**खास बातें**
- मरीजों को महीने में 12 डायलिसिस की जरूरत
- बाहर में डायलिसिस कराने में लगेंगे 26 हजार प्रति माह
- ईएसआईसी की सुविधा वाले मजदूरों को 25 हजार से कम वेतन

#### अधीक्षक को वैकल्पिक व्यवस्था करने को कहा

उन्होंने ईएसआईसी के अधीक्षक एमपी मिंज को तत्काल किडनी मरीजों के लिए वैकल्पिक व्यवस्था करने को कहा है . चूंकि डायलिसिस कराने वाले मरीजों का इलाज प्रभावित होना उनके लिए जानलेवा साबित हो सकता है . ईएसआईसी के अधीक्षक एमपी मिंज मरीजों को ब्रह्मानंद अस्पताल और उमा अस्पताल जाने को कह रहे हैं, लेकिन मरीज के परिजन बताते हैं कि उमा अस्पताल में उचित सुविधा नहीं है जबकि ब्रह्मानन्द अस्पताल ने टाई अप खत्म होने को बात कही है . ऐसे में डायलिसिस के मरीज के परिजन असमंजस में हैं कि वे लोग कल से मरीज को लेकर कहां जाएंगे?

#### आदित्यपुर में तकरीबन 80 हजार बीमित मजदूर

ईएसआईसी आदित्यपुर में तकरीबन 80 हजार बीमित मजदूर हैं जिनका स्वास्थ्य सुविधा के लिए कर्मचारी राज्य बीमा आयोग के साथ बीमा है . इन बीमितो से हर माह करोड़ों रुपए ईएसआईसी को मिलते हैं . इसके बावजूद मजदूरों के स्वास्थ्य सुविधाएं में कटौती करना कहां तक जायज है . नेफ्रो प्लस ने आज अचानक नोटिस बोर्ड पर सूचना देकर कल से डायलिसिस की सुविधा बंद कर दी है . इस बात की सूचना डायलिसिस मरीज के परिजनों ने नगर पर्षद के पूर्व उपाध्यक्ष पुरेंद्र नारायण सिंह को दिया . इसके बाद पुरेंद्र ने इसे अति आवश्यक बताते हुए तत्काल केंद्रीय श्रम नियोजन मंत्रालय के इस कदम को घातक बताया है और इस संबंध में तत्काल एक मेल मंत्रालय को भेजा भी है .

### समाज विरोधी गतिविधियों पर पाबंद लगाना जरूरी : अध्यक्ष

**मझगांव।** मझगांव प्रखंड मानकी-मुंडा संघ भवन परिसर में मंगलवार को संघ के प्रखंड अध्यक्ष युगल किशोर पिंगुवा के अध्यक्षता में अंचल के सभी मानकी-मुंडा का समीक्षा बैठक आयोजित की गई. बैठक में मौजूद मझगांव अंचल अधिकारी संजय बाखला ने संबोधित करते हुए कहा कि अनावाद प्रति जमीन के बंदोबस्ती एवं मानकी-मुंडाओं को उनकी जिम्मेदारी और दायित्व के संबंध में विस्तार पूर्वक जानकारी दिए. संघ के प्रखंड अध्यक्ष युगल किशोर पिंगुवा ने संबोधित करते हुए कहा कि सभी ग्रामीण मुंडा रैयतों से लगान वसूली कर जल्द से जल्द अंचल कार्यालय में जमा करें. गांव अस्तर की छोटी बड़ी समस्याओं को गांव में ही बैठक कर इसका निष्पादन करें. बच्चों के शिक्षा के लिए सभी बच्चों का निगरानी अति आवश्यक है.

### मिशन परिवार विकास अभियान का रथ किया गया रवाना

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर से प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ उत्पल मुर्मू ने मंगलवार दोपहर मिशन परिवार विकास अभियान रथ 2024 को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया.यह रथ बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांव का परिभ्रमण कर लोगों के बीच परिवार नियोजन संबंधित जानकारी प्रदान करेगा.साथ ही इसका मुख्य उद्देश्य आजादी के अमृत महोत्सव के अवसर पर सभी को संकल्प दिलाना है की परिवार नियोजन ही खुशियों का एक विकल्प है. बच्चों का अंतर रखने के लिए गर्भनिरोधक का उपयोग करना तथा एक बच्चे से दूसरे बच्चे के जन्म का अंतर कम से कम तीन साल हो जैसे महत्वपूर्ण सुझाव दिए जा रहे हैं. वहीं इस मौके पर कालीपद देहुरी,दुर्गा उरांव, अमृतांशु बेरा, देवाशीष साउ, दिनेश घोष, उमाशंकर महतो आदि उपस्थित थे.

## न्यूज अपडेट

### राजश्री एप के माध्यम से जुआ खेल रहे तीन धराये



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के कदमा थाना अंतर्गत उलियान स्थित वीणापानी रोड हनुमान वाटिका के पास छापेमारी कर पुलिस ने जुआ खेल रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार आरोपियों में रामजनम नगर निवासी कुणाल चटर्जी, बीएच एरिया निवासी कार्तिक नाग और अभिमन्यु महतो उर्फ भूत शामिल है. पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 7010 रुपये नकद और चार मोबाइल फोन बरामद किया है. पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि क्षेत्र में कुछ युवक काफी शोर शराबा कर रहे है. सूचना पर पुलिस ने छापेमारी की और मौके पर जुआ खेल रहे तीन लोगों को गिरफ्तार किया. तीनों राज श्री ऐप के माध्यम से जुआ खेलने और खिलाने का काम करते है. इसी के माध्यम से लोगों को ठगा जा रहा था. फिलहाल पुलिस ने आरोपियों को जेल भेज दिया.

### बूथ सम्मेलन में शामिल होने सैकड़ों भाजपाई चाईबासा रवाना



**मझगांव।** मझगांव प्रखंड अंतर्गत 67 बूथ के भाजपा पार्टी कार्यकर्ता जिला बूथ स्तरीय सम्मेलन के लिए सैकड़ों कार्यकर्ता मंगलवार को चाईबासा रवाना हुए. जिला परिषद सदस्य सह भाजपा नेता लंकेश्वर तामसोय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के जिला स्तरीय बूथ सम्मेलन में शामिल होकर प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के दिशा निर्देश को सुनने के लिए प्रखंड क्षेत्र काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता चाईबासा जा रहे हैं. वहां से लौटने के बाद सभी पार्टी कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र के सभी बूथ के मतदाताओं को केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजना जो सफलतापूर्वक आम लोगों को मिल रही है, उसे बताएंगे. चाईबासा जाने वालों में अनिल बिरुली, मजहर हुसैन, बुधराम हेंब्रम, अर्जुन हेंब्रम, जगदीश नायक समेत सैंकड़ों कार्यकर्ता शामिल हैं.

### मऊभंडार ओपी में हुई शांति समिति की बैठक



**घाटशिला।** पुलिस एवं आम जनता के बीच समन्वय स्थापित करने को लेकर मऊभंडार ओपी परिसर में ओपी प्रभारी गौतम कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को पुलिस व जनता के बीच बैठक आयोजित की गयी. बैठक में पंचायत प्रतिनिधि, शांति समिति के सदस्य व गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए. मौके पर मऊभंडार ओपी प्रभारी गौतम कुमार ने कहा कि सुचारु रूप से चुनाव कराने, पर्व-त्योहार, विधि-व्यवस्था को दुरुस्त करने तथा पुलिस व आम जनता के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने के लिए यह बैठक की गई. इससे पूर्व मऊभंडार महिला समिति के महासचिव रूबी सिंह ने नए ओपी प्रभारी गौतम कुमार, एसआई मनोज कुमार मुर्मू को गुलदस्ता देकर सम्मानित किया. ओपी प्रभारी गौतम कुमार ने शांति समिति के सदस्यों से आग्रह किया कि इस क्षेत्र में नशा का सामान बेचने वाले की जानकारी पुलिस को दें.

### मारवाड़ी महिला समिति ने 4 जोड़ों का विवाह करवाया



**चाईबासा।** नए गायत्री शक्तिपीठ टूंगरी में मंगलवार को मारवाड़ी महिला समिति के सौजन्य से गायत्री परिवार की बहनों के सहयोग से मंझारी कुमारडुंगी, तांतनगर, चाईबासा के चार वर वधू का हिंदू रीति से विवाह कराया गया. मौके पर घरेलू जरूरत का सामान्य प्रत्येक जोड़े को एक बक्सा ,चादर, पेंट शर्ट पीस साड़ी गगरा, परात, कंबल, दरी मच्छरदानी आर्टिफिशियल ज्वेलरी रामायण राम दरबार की फोटो कुर्ता पजामा टॉवल आदि बहुत सी सामग्री दी गई.गायत्री परिवार से बहुत सी कार्यकर्ता इस अवसर पर उपस्थित थी. महिला शक्ति द्वारा ही विधि विधान से पूजा संपन्न कराई गई एवं विवाह कराया गया. गायत्री परिवार की बहन चंचल गुप्ता ने बहुत ही सुंदर तरीके से विवाह का महत्व बताया और हम सभी को बहुत सहयोग दिया. आए हुए गांव से सभी लोगों को सुबह का नाश्ता एवं दोपहर का खाना देकर विदा किया गया. समिति द्वारा जून 2023 में भी 19 जोड़ों का विवाह करवाया गया था.



### आज तक रहेगी संस्थापक दिवस की रौनक

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर में इन दिनों संस्थापक दिवस मनाया जा रहा है. पूरे शहर को लाइटों से जगमग कर दिया गया है. शहर की सजावह 3 मार्च से 5 मार्च तक ही थी पर इसे बढ़ाने का फैसला लिया गया है. दरअसल, सोमवार को तेज आधी-बारिश के कारण लाइटों को बंद कर दिया गया था जिससे जुबली पार्क घुमने आए लोगों को मायूस होकर वापस लौटना पड़ा था. इसी को लेकर टाटा स्टील की ओर से फैसला लेते हुए शहर की लाइटिंग को 6 मार्च तक बढ़ाने का फैसला लिया गया है.

## अन्याय के खिलाफ एकजुट होकर संघर्ष करने की कवायद फिर शुरु

संवाददाता। चांडिल

अन्याय के खिलाफ और जन अधिकारों के लिए संघर्ष करना झारखंडियों के खून में है. दमनकारी घटनाओं के खिलाफ झारखंडी हमेशा से संघर्ष करते रहे हैं. अब एक बार फिर हक-अधिकार और अन्याय के खिलाफ एकजुट होकर को संघर्ष करने की कवायद शुरू हो गया है. दमन के खिलाफ चांडिल अनुमंडल की जनता का प्रतिवाद शुरू होगा. इसके लिए सात मार्च को चांडिल डैम नौका विहार स्थल में बैठक रखा गया है. बैठक में प्रतिवाद कार्यक्रम को लेकर चर्चा किया जाएगा. इसकी जानकारी देते हुए श्यामल मार्डी ने कहा कि अन्याय के खिलाफ हम हमेशा की तरह प्रतिवाद करेंगे. यह वीर गंगा नारायण सिंह, सालों माझी, निर्मल महतो की धरती है. उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार निर्मूलन के लिए जरूर प्रयास होना चाहिए.

#### प्रधानमंत्री केयर फंड का हिसाब क्यों नहीं

श्यामल मार्डी ने कहा कि केंद्र में बैठी भाजपा की सरकार इस देश में एक पार्टी सिस्टम लागू कर एकछत्र शासन स्थापित करना चाहती है . भ्रष्टाचार के नाम पर विरोधी दल के नेताओं को फंसाया जा रहा है . झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पहले तो भाजपा के समर्थन में आने का दबाव डाला गया और जब वे नहीं माने तो उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया . एकमात्र आदिवासी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अपने पद पर रहते गिरफ्तार किया गया . ऐसा इसलिए हुआ कि हेमंत सोरेन आदिवासी, झारखंडी होकर भी शासकों के सामने झुकने को तैयार नहीं हुए .




**आयोजन** विधिक जागरूकता शिविर में ग्रामीणों को दी गई कानून और योजनाओं की जानकारी

# बिरहोर कॉलोनी में लोगों का नहीं बना आधार कार्ड, सुविधाओं से वंचित

संवाददाता। चांडिल

चांडिल प्रखंड अंतर्गत कोड़ाबुरु व तिरुलडीह बिड़होर कॉलोनी में समस्याओं का अंबार है. गांव की दशा देखकर देखकर लगता है कि सरकार और स्थानीय प्रशासन को गांव के लोगों की तनिक भी चिंता नहीं है. दुखत बात यह है कि तिरूलडीह बिड़होर कॉलोनी जाने के लिए अबतक लोगों को रास्ता भी नहीं मिला है. बिड़होर कॉलोनी में बिजली भी नहीं है. सबसे बड़ी बात है कि जिस आधार कार्ड के बगैर कहीं भी किसी प्रकार का सरकारी लाभ या अन्य कई जरूरत के काम नहीं होता है, वह आधार कार्ड भी कई ग्रामीणों


ग्रामीणों के साथ पीएलवी

का नहीं बना है. गांव के गुरुवारी बिरहोर (25), पुर्णिमा बिरहोर (40), जादू बिरहोर (65), फूलमनी बिरहोर (24), सुनिया बिरहोर (23), रजनी बिरहोर (7), सावित्री बिरहोर (6), दीपावली बिरहोर (3), मंगली बिरहोर (5), शकुंतला बिरहोर (5), अंकिता बिरहोर (3), ज्योति माझी (8), सागेन माझी (7) और अनिल बिरहोर (6) का अबतक आधार कार्ड नहीं बना है.विधिक जागरूकता शिविर में दी गई जानकारी. कोड़ाबुरु व तिरुलडीह बिरहोर कॉलोनी में मंगलवार को विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया. जिला विधिक सेवा प्राधिकार सरायकेला-खरसावां के निर्देश अनुसार मंगलवार को चांडिल अनुमंडल विधिक सेवा समिति के पीएलवी कार्तिक गोप, भुपेन चंद्र महतो व रमजान अंसारी ने शिविर में लोगों को कानूनी जानकारी दी. इसके तहत ग्रामीणों को पेंशन योजना, पालन पोषण योजना, आवास योजना, राशन कार्ड, आधार कार्ड अपडेट आदि की जानकारी दिया गया. इसके अलावा ग्रामीणों को महिला हिंसा, घरेलू विवाद समेत विभिन्न कानूनों की भी जानकारी दी गई. इस मौके पर ग्रामीणों ने चांडिल अनुमंडल विधिक सेवा समिति के पीएलवी के समक्ष गांव की समस्याओं को रखा और इसके निदान करने की मांग की. इस अवसर पर प्रति बिरहोर, तारा बिरहोर, शांति बिरहोर, मालती बिरहोर, सरस्वती बिरहोर, गोमही बिरहोर, गोबर्धन बिरहोर, रतनी बिरहोर, चारलु बिरहोर जस्मीन माझी, भगतु महतो, वीणापानी महतो समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे.

हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के बूथों में बदलाव, मतदान केंद्र भवन के जर्जर होने व भौगोलिक परिवर्तन को लेकर निर्णय

# टाटीझरिया प्रखंड के 32 मतदान केंद्रों की बूथ संख्या में बदलाव

संवाददाता। टाटीझरिया

**चुनावी कवायद**

- लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासनिक गतिविधियां तेज
- राज्य भर में 378 भवनों में स्थापित बूथों में परिवर्तन

आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासनिक गतिविधियां तेजी से आगे बढ़ रही हैं. इस क्रम में प्रखंड क्षेत्र में बीडीओ द्वारा मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया जा रहा है. वहीं, विभिन्न राजनीतिक दलों के अध्यक्षों के साथ बैठक की जा रही है. निर्वाचन कार्यों में लगाए जाने वाले कर्मियों को प्रशिक्षण के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया जा रहा है.

बता दें कि प्रखंड क्षेत्र में हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत 33 बूथ और कोडरमा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत 21 बूथ आते हैं. कुल इस प्रखंड में कुल 54 बूथ हैं. अब जानकारी दी गई है कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड क्षेत्र के मतदान केंद्रों की बूथ संख्या में बदलाव किया गया है. राज्य के कई मतदान केंद्र के भवन जर्जर हो गए हैं. कई कई विद्यालय बंद किए गए हैं. इसलिए, राज्य भर में 67 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के अंतर्गत 378 भवन में स्थापित मतदान केंद्र को परिवर्तित किया गया है.

**टीटीझरिया प्रखंड में बनाए गए नए बूथों की सूची**

| | | |
|---|---|---|
| 350- उत्क्रमित मध्य विद्यालय मंगरपट्टा | 361- उत्क्रमित मध्य विद्यालय डूमर | 372- प्राथमिक विद्यालय केसड़ा |
| 351-प्राथमिक विद्यालय मंगरपट्टा | 362- उत्क्रमित मध्य विद्यालय डूमर | 373- उत्क्रमित मध्य विद्यालय घुघलिया |
| 352- उत्क्रमित उच्च विद्यालय बेड़म | 363- सामुदायिक भवन खरिका | 374- उत्क्रमित मध्य विद्यालय गोधिया |
| 353- उत्क्रमित उच्च विद्यालय बेड़म | 364 - मध्य विद्यालय कोल्हू | 375- उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय बौधा |
| 354- उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय धरमपुर | 365- मध्य विद्यालय कोल्हू | 376- उत्क्रमित उच्च विद्यालय टाटीझरिया |
| 355- उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय धरमपुर | 366- मध्य विद्यालय कोल्हू | 377- उत्क्रमित उच्च विद्यालय टाटीझरिया |
| 356- उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय धरमपुर | 367- मध्य विद्यालय कोल्हू | 378- उत्क्रमित उच्च विद्यालय टाटीझरिया |
| 357- उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय मंडपा | 368- मध्य विद्यालय कोल्हू | 379- उत्क्रमित मध्य विद्यालय होलंग |
| 358- प्राथमिक विद्यालय मुक्ति दुधमनिया | 369- प्राथमिक विद्यालय डहरभंगा | 380- उत्क्रमित मध्य विद्यालय बेरहो |
| 359- मध्य विद्यालय खंभवा | 370- प्राथमिक विद्यालय डहरभंगा | 381- प्राथमिक विद्यालय मुरुमातु |
| 360- मध्य विद्यालय खंभवा | 371- प्राथमिक विद्यालय केसड़ा | 382- उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय टाटी |

# विधायक अमित यादव ने रखी विद्यालय उन्नयन कार्य की नींव

- शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने को बताई प्राथमिकता
- कहा- विस क्षेत्र में दर्जनों सड़कों का शिलान्यास जल्द



संवाददाता। बरकट्ठा

प्रखंड क्षेत्र में स्थानीय विधायक अमित कुमार यादव ने कई विकास योजनाओं की नींव रखी. इस क्रम में राजकीय कन्या उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय बेलकपी में एक करोड़ 25 लाख की लागत से उन्नयन कार्य, 24 लाख 60 हजार की लागत से किचन शेड निर्माण तथा राजकीय मध्य विद्यालय बेड़ोकला में लगभग एक करोड़ 40 लाख की लागत से विद्यालय उन्नयन कार्य का शिलान्यास किया.

बेलकपी में संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि विधानसभा क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करना हमारी प्राथमिकता है. उन्नयन कार्य में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जायेगी. उन्होंने आने वाले समय में विद्यालयों में मीटिंग हॉल उपलब्ध कराने की बात कही. कहा कि क्षेत्र में दर्जनों सड़कों का शिलान्यास जल्द ही किया जाएगा. मंच संचालन सहायक अध्यापक मुकेश पांडेय ने किया.

## ब्रीफ खबरें

### स्वीप कार्यक्रम के तहत फूड फेस्टिवल 20 को

**हजारीबाग।** आगामी लोकसभा चुनाव को प्रभावी और रचनात्मक तरीके से संपन्न कराने तथा लोगों में मतदान के प्रति उत्साहवर्धन के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्य किए जा रहे हैं. इस कड़ी में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देश पर सहायक समाहर्ता सुलोचना मीणा की अध्यक्षता में 20 मार्च को स्वीप कार्ययोजना के तहत जिला स्तर पर फूड फेस्टिवल आयोजित करने पर चर्चा की गई. बैठक में उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, सहायक नगर आयुक्त, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जेएसएलपीएस के डीपीएम एवं नेहरू युवा केंद्र के यूथ ऑफिसर मौजूद रहे.

### खेल क्लबों को खेल किट व फुटबॉल दिए

**रामगढ़।** मुख्यमंत्री आमंत्रण फुटबॉल प्रतियोगिता में प्रखंड स्तर पर भाग लेने वाले दुलमी प्रखंड के सभी पंचायतों को खेल किट और ग्राम स्तर पर गठित सभी सिदो कान्हू खेल क्लबों को दो-दो फुटबॉल दिए गए. मौके पर जिला खेल पदाधिकारी मारकस हेमरोम, दुलमी बीडीओ सुनील कुमार प्रजापति, एवं प्रखंड के सभी पंचायतों के मुखिया मौजूद थे. इस दौरान प्रखंड स्तर पर भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को खेल किट दिया गया. वहीं, प्रखंड स्तरीय विजेता टीमों को जिला प्रशासन ने ट्रैकसूट भी दिया. जिला खेल पदाधिकारी ने युवाओं का हौसला बढ़ाया. मौके पर डे बोर्डिंग प्रशिक्षक भोला नाथ महली, प्रकाश महतो, खिलाड़ी समेत कई लोग मौजूद थे.

### प्लस टू हाई स्कूल की दो छात्राओं को पदक

**हजारीबाग।** कटकमसांडी प्लस टू हाई स्कूल में मंगलवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया. इसमें 67 एसजीएफआई राष्ट्रीय स्कूली खेल में राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए विद्यालय की 10वीं कक्षा की छात्रा कांस्य पदक विजेता वूशु खिलाड़ी राखी कुमारी और सोनम परवीन को पुष्प गुच्छ और उपहार देकर सम्मानित किया गया. प्रभारी प्रधानाध्यापक विजय मसीह ने बताया कि शारीरिक शिक्षक सह वूशु नेशनल रेफरी सरोज कुमार मालाकार के नेतृत्व में विद्यालय के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीत कर विद्यालय के साथ जिले का भी नाम रोशन किया है. उन्होंने दोनों खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी. वहीं शारीरिक शिक्षा के शिक्षक सरोज कुमार मालाकार बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों में अपार क्षमता और प्रतिभा होती है, सिर्फ उन्हें प्रेरित करने की आवश्यकता है.

### ट्रांसपोर्टिंग कंपनी से वार्ता के बाद धरना स्थगित

**केरेडारी।** राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस केरेडारी शाखा के द्वारा बीजीआर माइनिंग में पांडु से शुरू की गई ट्रांसपोर्टिंग के विरोध में बीजीआर यूनिट के अध्यक्ष परमेश्वर कुमार के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन किया गया. इस दौरान प्रदेश प्रवक्ता सुरजीत नागवाला ने कहा कि एनटीपीसी गुंडागर्दी पर उतारू है. आने वाले दिनों में बड़ी लड़ाई लड़ी जाएगी. इस बीच आक्रोश बढ़ने पर ट्रांसपोर्टिंग कंपनी द्वारा वार्ता की गई. कहा गया कि जिस भी जगह लोगों को जोड़ने का काम होगा, रोजगार देंगे. इंटर प्रतिनिधियों ने आश्वासन पर धरना स्थगित करते हुए कहा कि अगर लोगों को जोड़ा नहीं गया, तो पुनः धरना दिया जाएगा. मौके पर जिप सदस्य निरंजन साहू, मुखिया अमित दुबे, जीवादन साहू, जगदीश साहू, उदय वर्मा, विनय वर्मा, लोकेश कुमार, वासुदेव प्रजापति समेत दर्जनों लोग मौजूद थे.

डीसी ने सभी कार्यालयों में स्वीप अभियान चलाने का दिया निर्देश

# समन्वय के साथ कार्य करें

संवाददाता। हजारीबाग



**स्वीप कार्यक्रम**

- योजना बना कर जागरूकता संदेश का होगा प्रचार-प्रसार
- बूथों में आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने को कहा

आसन्न लोकसभा निर्वाचन-2024 में मतदाता भागीदारी बढ़ाने, नैतिक मतदान एवं निर्वाचन संबंधी जागरूकता संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जिला स्तरीय स्वीप कोर कमिटी की बैठक समाहरणालय सभागार में हुई. उपायुक्त नैंसी सहाय की अध्यक्षता में जिले में व्यापक स्तर पर मतदाता जागरूकता संदेश के प्रचार-प्रसार को लेकर गहन-विचार विमर्श किया गया.

इस दौरान उपायुक्त ने कहा कि स्वीप कार्यक्रम चुनौतिपूर्ण होने के साथ-साथ रोचक और रचनात्मक भी है. कहा कि निर्वाचन प्रक्रिया को सुगम एवं प्रभावशाली बनाने के लिए सभी को आपसी समन्वय के साथ कार्य करना होगा. उन्होंने कार्यालय एवं स्टेकहोल्डरों को अपने अधीन बॉटम लाइन को इस्तेमाल करते हुए स्वीप कार्यक्रम संचालित करने का निर्देश दिया. वहीं, जिला एवं प्रखंड स्तरीय कार्यालयों सहित विशेष आमंत्रित सदस्यों को योजना बना कर मतदाता जागरूकता संदेश का व्यापक प्रचार प्रसार करने को कहा. इसके तहत सभी विभागों को मतदाता जागरूकता संबंधी विविध प्रकार की प्रतियोगिताएं, क्विज, ईवेंट, रैली, प्रभात फेरी, ट्री प्लोंटेशन, गोष्ठी, संदेश, संध्या चैपाल आदि आयोजित की जाएंगी.

उपायुक्त ने सभी प्रखंडो को सबसे कम वोटिंग प्रतिशत वाले बूथों को चिह्नित कर इन क्षेत्रों में विशेष जगारूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया है. साथ ही उन्होंने नैतिक मतदान, मतदाता प्रतिज्ञा, आई एम वेरिफाइड वोटर कैंपेन का भी व्यापक प्रचार-प्रसार करने को कहा. वहीं हर विभाग को मतदाता जगरूकता गतिविधि संचालित कर सोशल मीडिया हैंडल डीईओ (हजारीबाग) पर टैग करने के निर्देश दिए.

**मतदाता जागरूकता का चलेगा ऑडियो-विजुअल :** उपायुक्त ने परिवहन विभाग को ई-रिक्शा के माध्यम से रोड शो, सिनेमा हॉल, लोकल केबल नेटवर्क में मतदाता जागरूकता संबंधी ऑडियो-विजुअल के प्रसारण करने का निर्देश दिया. वहीं सीसीएल, बीएसएनएल, एलडीएम सहित अन्य स्टेकहोल्डरों को वोटर अवेयरनेस वीक मनाने सहित विविध मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संचालित करने का निर्देश दिया. प्रखंड स्तरीय अधिकारियों को बूथों में मतदाताओं के लिए आवश्यक न्यूनतम सुविधाएं सुनिश्चित करने को कहा.

नगर परिषद व छावनी परिषद के अधिकारियों के साथ डीसी ने की बैठक

## मतदान बढ़ाने पर करें फोकस

संवाददाता। रामगढ़



लोकसभा चुनाव के स्वतंत्र एवं निष्पक्ष आयोजन और शत-प्रतिशत मतदाताओं द्वारा अपने मताधिकार का उपयोग करने को लेकर मंगलवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार ने बैठक की. अपने कार्यालय कक्ष में नगर परिषद और छावनी परिषद के अधिकारियों के साथ उपायुक्त ने लोगों को मतदान करने के प्रति जागरूक करने को कहा.

उपायुक्त ने कहा कि लोकसभा चुनाव में बहुत जरूरी है कि सभी मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करने के प्रति जागरूक हों. रामगढ़ जिला अंतर्गत नगर परिषद एवं छावनी परिषद क्षेत्र में बड़ी संख्या में औद्योगिक प्रतिष्ठान, मॉल, दुकानों आदि के साथ-साथ घरों में भी बड़ी संख्या में लोग रहते हैं. शहरी क्षेत्र में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन करना बहुत जरूरी है. उपायुक्त ने उप निर्वाचन पदाधिकारी, नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों के साथ मतदाता जागरूकता को लेकर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करने के संबंध में निर्देश दिए.

लूट व छिनतई के इरादे से जुटे कोढ़ा गिरोह के सदस्यों पर कार्रवाई

# एक सदस्य गिरफ्तार, 3 फरार

संवाददाता। हजारीबाग



**पुलिसिया दबिश**

- लूट की वारदात को अंजाम देने की फिराक में थे चारों
- पिस्तौल, खुजली की दवा, एटीएम व चेक बुक बरामद

शहर मे लूट और छिनतई की घटना को अंजाम देने पहुंचे कोढ़ा गिरोह के एक सदस्य को बड़ा बाजार पुलिस ने गिरफ्तार किया है. वहीं, गिरोह के तीन सदस्य बाइक पर सवार होकर भाग खड़े हुए. पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी की पहचान सूरज यादव के रूप में की है. वह बिहार के कटिहार जिले का रहने वाला है. उसके पास से एक लोडेड पिस्तौल, दो जिंदा कारतूस, खुजली की दवा, एटीएम और चेक बुक बरामद किया है.

सदर एसडीपीओ कुमार शिवाशीष ने बताया कि पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया है कि शहर के साथ बड़कागांव, कटकमदाग, रामगढ़ में दर्जनों लूट और छिनतई की घटना को अंजाम दिया है. उसके खिलाफ आधा दर्जन से अधिक हजारीबाग और रामगढ़ जिले में कई मामले दर्ज हैं. सदर एसडीपीओ ने बताया कि एसपी को गुप्त सूचना मिली थी कि खिरगांव एटीएम के पास बाइक पर सवार चार संदिग्ध खड़े हैं, लूट और छिनतई की बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में है. एसपी ने बड़ा बाजार थाना प्रभारी को त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया. जैसे ही बड़ा बाजार पुलिस मौके पर पहुंची, तीन युवक बाइक से भाग निकले, जबकि एक को खदेड़ कर पकड़ लिया गया.

बरही विधायक ने किया दो सड़कों का शिलान्यास

## अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रही विकास की किरण : अकेला

संवाददाता। चौपारण

बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने मंगलवार को प्रखंड की दो प्रमुख सड़कों का शिलान्यास किया. इस सम्बंध में विधायक मीडिया प्रभारी मनोज यादव ने बताया कि विधायक अकेला ने मंगलवार को ठूठी आरईओ रोड से मानगढ़ तक और चौपारण आरईओ रोड नवडीहा मोड़ से नवडीहा तक पथ निर्माण कार्य की आधारशिला रखी. यह पथ ठूठी, मानगढ़, चौपारण,नवडीहा, बहेरा सहित दर्जनों गांवों से हुए मयूरहंड प्रखंड को भी जोड़ेगी.

इस अवसर पर बरही विधायक ने कहा कि हमारी सरकार समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की किरण पहुंचाने के लिए लगातार कार्य कर रही है. मौके पर विधायक प्रतिनिधि रामफल सिंह, मानगढ़ मुखिया अर्जुन सिंह, ताजपुर मुखिया प्रतिनिधि अभिमन्यु भगत, बहेरा पूर्व मुखिया नागेंद्र सिंह, बीरबल साहू, बैजू गहलोत, मनोज सिंह, रेवाली पासवान, विसुंधारी महतो, रामसुंदर प्रजापति, रंजीत सिंह, विवेक सिंह, विनोद सिंह, देवेंद्र सिंह, शिवकुमार सिंह, धीरेंद्र दांगी, भोला सिंह, संजय सिंह आदि मौजूद थे.

### डॉ. कृष्ण गुप्ता बने पीजी हिंदी विभागाध्यक्ष

**हजारीबाग।** डॉ. कृष्ण कुमार गुप्ता को विनोबा भावे विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर हिंदी विभाग के नया विभागाध्यक्ष बनाया गया. विश्वविद्यालय के कुलपति सह आयुक्त सुमन कैथरीन किसपोट्टा ने इस आशय से संबंधित आदेश जारी किया है. बतौर पीजी हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ. कृष्ण कुमार गुप्ता का कार्यकाल दो वर्षों का होगा. वर्तमान में डॉ. गुप्ता एसोसिएट प्रोफेसर के रूप में स्नातकोत्तर हिंदी विभाग में ही कार्यरत है. इसी प्रकार डॉ. सीटीएन सिंह को स्नातकोत्तर वनस्पति विज्ञान विभाग का अध्यक्ष बनाया गया है. डॉ. सिंह रामगढ़ महाविद्यालय में सहायक प्राध्यापक के पद पर कार्यरत है. दोनों प्राध्यापकों को संबंधित विभाग के प्राध्यापकों ने विभागाध्यक्ष बनाए जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दी है.

डीएवी बरकाकाना में सामाजिक विज्ञान पर दो दिवसीय कार्यशाला शुरू

# शिक्षा का उच्च रूप समन्वय : डॉ. उर्मिला

संवाददाता। रामगढ़



**पाठ्येतर गतिविधियां**

- समाज में खुद को सुव्यवस्थित करने पर दिया गया जोर
- सामाजिक अध्ययन मानसिक विकास में सहायक : मनीष

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है. समाज में उसका जन्म होता है और समाज में ही उसकी मृत्यु होती है. ऐसी स्थिति में उसके लिए आवश्यक है कि वह समाज में अपने को ठीक प्रकार से व्यवस्थित करे. यदि व्यक्ति अपने को समाज में ठीक प्रकार से व्यवस्थित कर लेता है, तो यह उसकी सफलता है. उक्त बातें डीएवी बरकाकाना की प्राचार्य सह क्षेत्रीय अधिकारी डॉ. उर्मिला सिंह ने कही.

वह केपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम अंडर द एजीज ऑफ डीएवी सीएमसी के तहत सामाजिक विज्ञान पर आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला में बोल रही थीं. डॉ. सिंह ने कहा शिक्षा का उच्च रूप वही है, जो केवल ज्ञान प्रदान करने तक ही सीमित न रहे, बल्कि सभी वस्तुओं के साथ समन्वय भी स्थापित करे. वहीं डीएवी पतरातू के प्राचार्य मनीष कुमार सिन्हा ने कहा कि सामाजिक अध्ययन एक विषय के रूप में विशेष रूप से सहायक होता है. सामाजिक विज्ञान के अध्ययन में वह क्षमता है, जिसके माध्यम से विद्यार्थी आसानी से समाज में सामंजस्य स्थापित कर लेता है. सामाजिक अध्ययन विषय से केवल सैद्धांतिक ज्ञान ही नहीं, बल्कि व्यावहारिक ज्ञान भी मिलता है. यह विषय छात्रों के मानसिक विकास में विशेष रूप से सहायक होता है.

इसके द्वारा छात्रों को अधिकारों तथा कर्तव्यों को समुचित ज्ञान कराया जा सकता है. यह छात्रों के सामाजिक चरित्र के विकास में योगदान देता है. उन्होंने कहा कि सहयोग, प्रेम, सहकारिता जैसे गुणों का विकास इसके अध्ययन के द्वारा ही मिलता है. इतना ही नहीं बच्चों में उत्तरदायित्व का भाव पैदा करता है. कार्यशाला में झारखंड जोन डी एवं एफ अंतर्गत 14 विद्यालय के शिक्षक भाग ले रहे हैं.

### प्रो. शाहनवाज खान को मिली पीएचडी की डिग्री

**रामगढ़।** अंजुमन फरोग-ए-उर्दू पतरातू ब्लॉक इकाई ने प्रो. शाहनवाज खान को पीएचडी की डिग्री मिलने पर पुष्प गुच्छ देकर एवं शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया. कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों ने उन्हें बधाई दी. ब्लॉक समन्वयक मो. रियासत हुसैन ने कहा कि प्रो. खान उर्दू पढ़ने-लिखने को बढ़ावा देने के लिए लगातार काम करने वाले सिपाही हैं. वहीं हाजी जाकिर हुसैन ने कहा कि डॉ. शाहनवाज खान उन उर्दू प्रेमियों में से एक हैं, जो उर्दू के विकास के लिए दिन-रात मेहनत कर रहे हैं. बता दें कि प्रो. शाहनवाज खान ने 'उर्दू फिक्शन के विकास में शम्सुर रहमान फारूकी की भूमिका' विषय पर एक शोध पत्र प्रस्तुत किया था. उनका शोध कार्य को विनोबा भावे विश्वविद्यालय में उर्दू विभाग के पूर्व अध्यक्ष एवं मानविकी संकायाध्यक्ष डॉ. आमिर मुस्तफा सिद्दीकी की देखरेख में पूरा हुआ. प्रो. खान वर्तमान में विभावि के अंतर्गत कॉलेज में सहायक प्राध्यापक के रूप में कार्यरत हैं.

मां भद्रकाली मंदिर में पूजा कर मनीष जायसवाल ने शुरू किया जनसंपर्क, कहा

# विकास की नई लकीर खींचूंगा

संवाददाता। हजारीबाग/चौपारण



**जनसंपर्क अभियान**

- चौपारण और बरही प्रखंड के दो दर्जन गांवों का किया दौरा
- राजनीतिक जीवन में मानव सेवा को ही अपना धर्म बताया

हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने मंगलवार सुबह चतरा के इटखोरी स्थित मां भद्रकाली मंदिर में पूजा-अर्चना कर अपने चुनावी जनसंपर्क अभियान की शुरूआत की. इस दौरान चौपारण और बरही पहुंचते ही स्थानीय भाजपा नेताओं और समर्थकों ने उनका भव्य स्वागत किया. उन्होंने जनसंपर्क अभियान की शुरूआत बरही विधानसभा क्षेत्र के चौपारण प्रखंड के सेवइयां ग्राम से की.

तत्पश्चात, चौपारण प्रखंड के दैहर स्थित मां कमलेश्वरी माता मंदिर और सोहरा में माता समोखर मंदिर में माता टेक कर जनसंपर्क के लिए बढ़ गए. यहां बरही के पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, हजारीबाग जिप अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता, उपाध्यक्ष किसुन यादव, सिमरिया विस क्षेत्र के पूर्व प्रत्याशी सुजीत भारती सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने मनीष जायसवाल का स्वागत किया. वहीं, बिगहा में आयोजित महायज्ञ में पहुंचने पर चंद्रवंशी समाज ने तलवार व स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया. इससे पूर्व रितेश उर्फ रिशु वर्णवाल, जिप सदस्य राकेश रंजन ने भी भाजपा प्रत्याशी का स्वागत किया.

पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि पीएम मोदी ने आपके बीच मनीष जायसवाल के रूप में एक सिपाही भेजा है. हम सबको इन्हें विजयी बना कर पीएम मोदी के हाथों को मजबूत करना है. कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मनीष जायसवाल ने कहा कि मेरे राजनीतिक जीवन में मानव सेवा ही सबसे बड़ा धर्म रहा है. आपका आशीर्वाद मिला तो आने वाले पांच वर्षों में विकास की नई लकीर खीचूंगा.

भू-माफियाओं की दबंगई से जमीन मालिक परेशान, जमीन हड़पने के लिए जबरन खड़े कर देते हैं विवाद

# भू-स्वामियों के सामने कई दुश्वारियां, जाएं तो जाएं कहां

**माफिया हावी**

- फर्जी कागजात तैयार कर न्यायालय में कर रहे मुकदमा
- महिला बिग्रेड से जमीन पर जबरन कराया जा रहा कब्जा

राजेन्द्र कुमार दुबे। विष्णुगढ़



**जमीन मालिकों की गुहार पर नहीं होती सुनवाई**

भू-माफियाओं के शिकार जमीन के असली मालिक फरियादी बनकर अफसरों के दरवाजों पर दस्तक देते हैं. न्याय की गुहार लगाते हैं, मगर उन्हें निराशा ही हाथ लगती है. कहीं कोई सुनवाई नहीं होती है. दूसरी ओर न्यायिक प्रक्रिया की दीर्घसूत्रता के कारण विवादित बना दी गई जमीनों पर न्यायालय का फैसला आने में पीढ़ियां गुजर जाती हैं. अंतत:, थक-हार कर जमीन के असली मालिक भू-माफियाओं के सामने समर्पण कर औने-पौने दाम में उन्हें अपनी जमीन दे देते हैं. ऐसे में बड़ा सवाल है कि आखिर जमीन मालिकों को इन भू-माफियाओं के शोषण और दोहन से मुक्ति कब मिल पाएगी.

कमजोर भू-स्वामियों के लिए संरक्षण प्राप्त भू-माफिया परेशानी का सबब बने हुए हैं. दबंग छवि वाले माफिया तत्व फर्जी कागजात बनाकर उनकी जमीन पर जबरन कब्जा करने में जुटे हैं. ये लोग पहले खतियानी जमीन का फर्जी कागजात तैयार कर भू-स्वामियों के खिलाफ न्यायालय में मुकदमा कर देते हैं, फिर उन्हें दशकों तक न्यायालय का चक्कर लगाना पड़ता है.

इससे जमीन के असली हकदारों को मानसिक तनाव झेलना पड़ता है और समय के साथ पैसों की भी बर्बादी होती है. इसकी एक बानगी चेडरा का एक खतियानी भूखंड है. इस जमीन पर कब्जा करने के लिए अब महिला ब्रिगेड को उतारा जा रहा है. उनका विरोध करने पर भू-स्वामियों के साथ गाली-गलौज की जाती है. इतना ही नहीं कभी-कभी पथराव तक किया जाता है और छेड़खानी का मुकदमा करने की धमकी भी दी जाती है. जमीन मालिक जब दबंगों से समझौता नहीं करते हैं, तो उनकी जमीन पर इस प्रकार ही जबरन कब्जा हो जाता है. इनके पास धनबल तथा जनबल दोनों है.

सूत्रों की मानें, तो सरकारी महकमे में भी इनकी गहरी पैठ है. हुक्मरानों को मुंह मांगी रकम देकर वे अपने मनोनकुल काम करा लेते हैं. भू-माफिया लाखों रुपये नजराना देकर एलपीसी से लेकर म्यूटेशन तक कराने में सफल हो जाते हैं. इनके प्रभाव में आकर जमीन को विवादित बनाने के लिए रजिस्टर-टू में भी छेड़छाड़ की जाती है और उसके पन्ने तक फाड़ दिए जाते हैं. यह सब कुछ भू-स्वामियों को विवश कर अपनी जमीन बेचने के लिए किया जाता है.

# डेंटिस्ट समेत दो बेटियों की मौत के पीछे का राज गहराया

संवाददाता। हजारीबाग

**जांच जारी**

- पुलिस ने डेंटिस्ट का मोबाइल किया जब्त, होगी जांच
- पति समेत दो बेटियों की संदिग्ध मौत से सदमे में पत्नी

शहर के एक डेंटिस्ट सहित उसकी दो बेटियों की मौत को लेकर शहर में काफी चर्चा हो रही है. पुलिस इस मामले की गुथली सुलझाने में लगी हुई है, लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है. गौरतलब हो कि बीते सोमवार को तीनों की लाश घर से बरामद हुई थी. इसमें डॉ. राजकुमार के हाथ का नस कटा हुआ पाया गया था. वह चट्टी, कटकमसांडी के रहने वाले थे और विष्णुपुर में मकान बना कर रह रहे थे.

तीनों का अंतिम संस्कार पैतृक गांव में ही हुआ. बताया जा रहा है कि डॉ. राजकुमार अक्सर बीमार रहते थे और उनके इलाज में मोटी रकम खर्च हुई थी. कुछ लोगों का यह भी कहना था डॉक्टर काफी कर्ज में थे, इसलिए डिप्रेशन में चल रहे थे. पुलिस हर बिंदु पर जांच कर रही है. इधर, घटना के बाद डेंटिस्ट की पत्नी चांदनी राज सदमे में हैं. वह बार-बार बेहोश हो जा रही हैं. इस संबंध में कटकमदाग पुलिस ने बताया कि मृतक डेंटिस्ट की पत्नी से बात करने का प्रयास किया जा रहा है, पर वह अभी बात करने की हालत में नहीं है. डॉक्टर का मोबाइल जब्त कर लिया गया है. कयास लगाए जा रहे हैं कि मोबाइल का लॉक खुलने के बाद कई राज से पर्दा उठ सकता है.

### ब्रीफ खबरें

## सेना का एयरक्राफ्ट खेत में गिरा, पायलट बचे

**गया ।** बोधगया के कंचनपुर गांव में मंगलवार को ट्रेनिंग के दौरान सेना का माइक्रो एयरक्राफ्ट दुर्घटनाग्रस्त हो गया. गनीमत रही कि एयरक्राफ्ट पर सवार महिला और पुरुष पायलट बाल-बाल बच गये. हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गयी. उड़ान भरने के कुछ देर बाद एयरक्राफ्ट में आयी तकनीकी खराबी के बारे में बताया जाता है कि गया ओटीए से रूटिंग ट्रेनिंग के दौरान एयरक्राफ्ट उड़ा था. लेकिन उड़ान भरने के कुछ देर बाद एयरक्राफ्ट में तकनीकी खराबी आ गयी.

## डीएम ने किया सदर अस्पताल का निरीक्षण

**जमुई ।** जमुई डीएम (डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट) राकेश कुमार ने सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया. डीएम ने इमरजेंसी वार्ड पहुंचकर डॉक्टरों के रोस्टर की जांच की. इस दौरान कई डॉक्टर ड्यूटी से गायब मिले. जिसे देखकर वह भड़क गये. इसके बाद ड्यूटी से गायब डॉक्टरों पर कार्रवाई करते हुए उनकी सैलरी रोकने का निर्देश दिया. डीएम राकेश कुमार ने सिविल सर्जन नौशाद अहमद, अस्पताल के डॉक्टरों और कर्मियों को फटकार लगायी. साथ ही सभी को चेतावनी दी कि अगर अस्पताल की व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ तो कड़ी कार्रवाई के लिए तैयार रहें.

## डाककर्मी के दोस्त पर लगा हत्या का आरोप

**भागलपुर ।** सजौर थाना क्षेत्र के सतपरैया गांव निवासी डाककर्मी मिथलेश हत्याकांड में कुछ नयी बातें सामने आयी हैं. मृतक के शिक्षक भाई धनंजय कुमार ने पूरी घटना के बारे में जानकारी दी. हालांकि पुलिस घटना में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर अभी खुलासा नहीं कर रही है. साथ ही इस घटना में कुछ भी बोलने से परहेज कर रही है. मृतक के भाई ने बताया कि शाहकुंड के मकंदपुर निवासी सियाराम साह के पुत्र सौरभ कुमार का मेरे भाई मिथलेश से दोस्ती थी. दोस्ती के कारण अक्सर घर आता था. उसी दौरान डाककर्मी की पत्नी के करीब आ गया.

### 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा और जदयू ने जो सीटें जीती हैं, उसी पर आगे बनेगी बात

# सीट को लेकर एनडीए में कहीं कोई दिक्कत नहीं: त्यागी

**संवाददाता ।पटना**

जिस तरह से दिन गुजर रहे हैं, आने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक दलों में सीट को लेकर मंथन जारी है. चाहे इंडी गठबंधन हो या एनडीए गठबंधन सभी को सीट की पड़ी है. इसके लिए बयान देकर सभी अपनी बातों को सामने लाते हैं. यही बात एनडीए में भी है.

लोकसभा चुनाव को लेकर अभी तक बिहार में एनडीए में सीट बंटवारा नहीं हुआ है. भाजपा ने अपने प्रत्याशियों की जो पहली लिस्ट जारी की थी, उसमें बिहार से किसी किसी प्रत्याशी का नाम था. वहीं इस मामले नीतीश कुमार की पार्टी जदयू के



राष्ट्रीय महासचिव केसी त्यागी ने बड़ा बयान दिया है. उन्होंने कहा कि 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा और जदयू ने जो सीटें जीतीं हैं, वो उनकी अमानत हैं. इसी फॉर्मूले पर बहुत जल्द सीट बंटवारा हो जाएगा. केसी त्यागी ने कहा कि सीट बंटवारे को लेकर एनडीए में कहीं कोई दिक्कत नहीं है. दोनों तरफ के नेता बैठकर इस मसले पर बात कर लेंगे. पहले भी हम एनडीए के सहयोगी रहे हैं. कभी कोई दिक्कत नहीं आई है. उन्होंने कहा कि हम एनडीए के संस्थापक सदस्य रहे हैं. जब अटल जी के नेतृत्व में एनडीए बना था और जॉर्ज फर्नांडिस कन्वेनर थे, इतिहास गवाह रहा है कि हम आधा दर्जन बार लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव लड़े और कभी कोई तल्खी, विरोध, प्रतिरोध और किसी तरह की कोई गलतफहमी नहीं रही. इस बार भी बहुत जल्द सीटों का बंटवारा हो जाएगा. जानकारी के मुताबिक बहुत जल्द भाजपा की दूसरी लिस्ट आ सकती है.

**करेंगे बात**

- भाजपा ने अपने प्रत्याशियों की पहली लिस्ट जारी की
- जदयू के राष्ट्रीय महासचिव हैं केसी त्यागी

6 मार्च को दिल्ली में शीर्ष नेतृत्व की बैठक है. जिसमें लोकसभा चुनाव के लिए बिहार के कैंडिडेट्स का ऐलान हो सकता है. वहीं सीएम नीतीश कुमार 7 मार्च को इंग्लैंड के दौरे पर जा रहे हैं. इससे पहले वो दिल्ली के लिए रवाना होंगे. माना जा रहा है कि वो बीजेपी के नेताओं के मुलाकात कर सकते हैं. विदेश दौरे पर जाने से पहले नीतीश कुमार लोकसभा चुनाव 2024 के लिए एनडीए में सीट शेयरिंग और उनकी पार्टी जदयू इस मसले को हल कर लेना चाहती है.

# एमएलसी चुनाव को लेकर नीतीश ने नामांकन दाखिल किया

**संवाददाता।पटना**

बिहार विधान परिषद (एमएलसी) की 11 सीटों पर 21 मार्च को चुनाव होना है. एमएलसी चुनाव को लेकर बिहार के मुख्यमंत्री और जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने अपना नामांकन दाखिल किया. इस दौरान डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी व विजय सिन्हा, जदयू के पूर्व अध्यक्ष ललन सिंह, जदयू के प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा, पूर्व मंत्री अशोक चौधरी, बिजेंद्र यादव समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे. इसके अलावा जदयू की ओर से खालिद अनवर ने भी नामांकन दाखिल किया. नीतीश कुमार ने चौथी बार एमएलसी चुनाव के लिए नामांकन किया है. बता दें कि एमएलसी चुनाव के लिए नामांकन



करने की अंतिम तिथि 11 मार्च है. वहीं नामांकन पत्रों की जांच 12 मार्च को होगी. उम्मीदवार 14 मार्च तक अपना नामांकन वापस ले सकते हैं. 11 सीटों पर एमएलसी चुनाव 21 मार्च को होगा. वहीं मतगणना 21 मार्च की शाम में होगी. बिहार विधान परिषद की 11 सीटों पर 21 मार्च को चुनाव होना है. इन 11 सीटों पर निर्वाचित सदस्यों का कार्यकाल मई में खत्म हो रहा है.

### डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने तेजस्वी यादव को निशाने पर लिया, बोले

# तेजस्वी यादव अभी बच्चे हैं

**संवाददाता ।पटना**

देश में लोकसभा चुनाव की तारीख आयी नहीं और राजनीति दलों ने एक दूसरे पर हमले करने शुरू कर दिये. इसी बीच बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने राजद नेता तेजस्वी यादव पर जोरदार हमला बोला. मंगलवार को राजधानी पटना में मीडिया से बातचीत के दौरान सम्राट चौधरी ने कहा कि तेजस्वी यादव अभी बच्चे हैं, उन पर क्या बोलें...उन्हें अभी गिनती सिखानी पड़ेगी. बता दें कि 3 मार्च को पटना के गांधी मैदान में जनविश्वास रैली में तेजस्वी ने सम्राट चौधरी पर जमकर हमला बोला था. तेजस्वी ने कहा था कि पिछले 14 साल से सम्राट चौधरी चुनाव नहीं लड़े हैं. लड़े हैं तो राजद से जीते हैं. सम्राट चौधरी 5-5 साल में पार्टी बदलते हैं. अब सम्राट चौधरी ने भी तेजस्वी पर पलटवार किया है. उन्होंने कहा कि तेजस्वी की जितनी उम्र नहीं है, उससे कहीं ज्यादा हम सदन में रह चुके हैं.

सम्राट चौधरी ने इस दौरान राजद प्रमुख लालू यादव को भी आड़े हाथ लिया. उन्होंने कहा कि ये पूर्ण रूप से दिखता है कि लालू जी को अपनी पत्नी, बेटों और बेटियों की चिंता है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पूरे देश की चिंता है. मोदी जी ने पूरे देश को



**किया कटाक्ष**

- सम्राट चौधरी 5-5 साल में पार्टी बदलते रहे हैं
- 14 साल से सम्राट चौधरी चुनाव नहीं लड़े हैं
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पूरे देश की चिंता है

अपना परिवार माना है. डिप्टी सीएम ने कहा कि एक तरफ व्यक्तिवादी पार्टी है तो दूसरे तरफ प्रधानमंत्री जी को समाज की चिंता है, ये बड़ा फर्क है. पटना के गांधी मैदान में 3 मार्च को एक रैली के दौरान लालू यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अपना परिवार नहीं होने को लेकर कटाक्ष किया था. लालू ने कहा था कि अगर नरेन्द्र मोदी के पास अपना परिवार नहीं है तो हम क्या कर सकते हैं. वह राम मंदिर के बारे में डींगें मारते रहते हैं. वह सच्चे हिंदू भी नहीं हैं. हिंदू परंपरा में बेटे को अपने माता-पिता के निधन पर अपना सिर और दाढ़ी मुंडवानी चाहिए. जब मोदी की मां की मृत्यु हुई तो उन्होंने ऐसा नहीं किया.

### हम भी हिंदू हैं : तेजस्वी यादव

बिहार के पूर्व डिप्टी सीएम और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव अपने पिता व आरजेडी प्रमुख लालू यादव के द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हिंदू नहीं बताए जाने वाले बयान पर सफाई दी. तेजस्वी यादव ने कहा कि हम भी हिंदू हैं, घर में पूजा-पाठ करते हैं. किसी के मरने पर बाल मुंडवाते हैं. लालू जी ने सिर्फ यही तो कहा कि राम-रहीम के बंदों को लड़वाते हैं, तो बाल क्यों नही मुड़वाये थे. उन्होंने भाजपा के मेरा परिवार अभियान को लेकर कहा कि किसानों के खिलाफ लाठी बरसायी जाती है क्या वे उनका परिवार नहीं हैं. उन्होंने कहा भाजपा बताए कि कितनी महंगाई, गरीबी, पलायन को कम किया. वहीं तेजस्वी प्रसाद यादव ने दावा करते हुए कहा है कि आने वाले लोकसभा चुनाव में महागठबंधन चौंकाने वाला रिजल्ट देगा. उन्होंने कहा कि एनडीए के सीट शेयरिंग



से पहले बिहार में महागठबंधन सीट तय कर लेगा. तेजस्वी ने 22 फरवरी को पटना के गांधी मैदान में महागठबंधन की जन विश्वास रैली को सफल बनाने के लिए बिहार वासियों और महागठबंधन के नेताओं व कार्यकर्ताओं के प्रति आभार जताया. उन्होंने कहा कि हम तो कलम बांटते है जबकि भाजपा तलवार बांटती है. वहीं तेजस्वी यादव ने पाला बदलने वाले विधायकों को लेकर विधानसभा अध्यक्ष से जल्द निर्णय लेने की मांग की और कहा कि देश में इसको लेकर कानून है और हमारे पास विकल्प खुला हुआ है.

# लाखों के जेवरात लेकर नौकर फरार

**संवाददाता।सीवान**

नगर थाना इलाके के एक आभूषण व्यापारी प्रशांत कुमार उर्फ मिठू बाबू के यहां लाखों की चोरी हुई. घर के नौकरों ने ही हाथ साफ कर लिया. नौकरों ने अपने मालिकों के खाने में नशे की दवाई दे दी और फिर 50 लाख से अधिक के गहने-सामान लेकर फरार हो गए. सोमवार की रात घर के दो नौकरों ने इस कांड को अंजाम दिया और फरार हो गए. घर



के नौकर सूजन और सूरज उर्फ कृष्ण पंडित पर चोरी का आरोप लगा है. ये दोनों नेपाल के रहने वाले थे. मंगलवार की सुबह में जब काम करने वाली नौकरानी घर पहुंची तो उसने देखा कि सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा है. इसके बाद उसने आसपास के लोगों को सूचना दी. इस पूरे मामले में बताया जा रहा है कि दिल्ली की कंपनी एसके मेड एजेंसी से ये दोनों नौकर आए थे. रात के करीब 10 बजे सूरज और सूजन ने परिवार के सदस्यों को खाने में कुछ नशे की दवा दे दी. इसके बाद घर के सभी लोग बेहोश होकर सोते रहे और दोनों नौकरों ने अपना काम कर दिया. दोनों नौकरों ने तिजोरी को तोड़ दिया आभूषण लेकर फरार हो गए

## हर्ष फायरिंग में बच्चा गंभीर रूप से घायल

**बक्सर ।** हर्ष फायरिंग में एक बच्चा गंभीर रुप से घायल हो गया. घटना सोमवार रात को तिलकराय हाता ओपी क्षेत्र के नियाजीपुर की है. जहां एक 12 साल के बच्चे को पेट में गोली लग गई. रात के करीब नौ बजे शादी समारोह में जयमाल के दौरान गोली चलाई गई. घायल बच्चे का इलाज बक्सर के ही एक निजी अस्पताल में चल रहा है. इस मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है. सिमरी प्रखंड के नियाजीपुर गांव में मोहन पासवान के घर बारात आई थी. बच्चे की पहचान छोटेलाल राम के 12 वर्षीय पुत्र बिट्टू कुमार के रूप में हुई है. वह शादी में खड़ा होकर जयमाल देख रहा था. इसी दौरान किसी ने फायरिंग कर दी और गोली बिट्टू के पेट में जाकर लग गई.

# लालू यादव तो वोट के लिए ताजिया पूजते हैं : गिरिराज

**संवाददाता।पटना**

नरेंद्र मोदी पर अपना परिवार नहीं होने का कटाक्ष करने वाले राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव के खिलाफ बीजेपी नेताओं ने घेराबंदी शुरू कर दी है. केंद्रीय मंत्री व भाजपा नेता गिरिराज सिंह ने कहा कि लालू यादव वोट के लिए ताजिया पूजन करते हैं. गिरिराज सिंह ने कहा कि भगवान ना करे कि लालू यादव के जैसा परिवारवाद हो. कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पास 140 करोड़ परिवार है और हम भी उनके परिवार के लोग हैं. गिरिराज सिंह ने आगे कहा कि लालू यादव के पास तो 7 बेटियां और दो बेटे हैं. लालू यादव ने



परिवार की ऐसी रचना की है कि बोलने में भी अच्छा नहीं लग रहा है. परिवार का ताना ऐसा बुना कि अपने भी अंदर गए और अन्य बच्चों के लिए भी रास्ता खोल दिया. बता दें कि राजधान पटना के गांधी मैदान में महागठबंधन की रैली के दौरान लालू यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर अपना परिवार नहीं होने को लेकर कटाक्ष किया था.



## सिंगापुर ने कामगारों के लिए बढ़ाया वेतन

**सिंगापुर ।** सिंगापुर ने विदेशी कामगारों को जारी किए जाने वाले रोजगार पास (ईपी) के लिए न्यूनतम योग्यता मासिक वेतन को 5000 सिंगापुर डॉलर से बढ़ाकर 5,600 सिंगापुर डॉलर कर दिया है. बढ़ा हुआ वेतन एक जनवरी, 2025 से लागू होगा. वित्तीय सेवाओं में काम करने वालों के लिए न्यूनतम वेतन 5,500 सिंगापुर डॉलर से बढ़ाकर 6,200 सिंगापुर डॉलर कर दिया गया है. इस क्षेत्र में अधिक वेतन के रुझानों को देखते हुए ऐसा किया गया है.

## कल्पतरु 800 किमी गैस पाइपलाइन बिछाएगी

**नयी दिल्ली ।** कल्पतरु प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल ने मंगलवार को कहा कि उसे सऊदी अरब की ऊर्जा प्रमुख कंपनी अरामको से 800 किलोमीटर लंबी गैस पाइपलाइन बिछाने का ठेका मिला है. कल्पतरु प्रोजेक्ट्स इंटरनेशनल लिमिटेड (केपीआईएल) ने कहा कि उसे सऊदी अरब में मास्टर गैस प्रणाली नेटवर्क के तीसरे चरण के तीन हिस्सों के लिए इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण कार्य करने को अरामको से आशय पत्र (एलओआई) मिला है.

### यह सेवा बेंगलुरु, विजयवाड़ा, विशाखापत्तनम और भुवनेश्वर से शुरू हो रही है

# आईआरसीटीसी ने स्विगी से मिलाया हाथ

**भाषा ।नयी दिल्ली**

ट्रेन के सफर में यात्रियों की चाहत आराम के साथ ही भोजन पर होती है. यात्री चाहते हैं कि उन्हें उनका पसंदीदा भोजन मिले. इस दिशा में रेलवे तेजी से आगे बढ़ रहा है. ट्रेन में लोगों को खाने को लेकर सर्विसेज अच्छे से मिल सके, इसके लिए इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन यानी आईआरसीटीसी ने फूड ऑर्डरिंग व डिलीवरी ऐप स्विगी की मदद ले रही है. दरअसल आईआरसीटीसी ने अपने ई-कैटरिंग पोर्टल के माध्यम से प्री-ऑर्डर्ड खाने की आपूर्ति और डिलीवरी के लिए स्विगी के साथ हाथ मिलाया है. जोमेटो के बाद इसमें अब स्विगी भी शामिल हो गई है. भारतीय रेल की ट्रेनों से हर रोज करीब दो करोड़ 30 लाख पैसेंजर्स ट्रेवल करते हैं. इनमें से कम से कम एक करोड़ लोग तो सफर के दौरान ट्रेन में भोजन, चाय या नाश्ते का आर्डर देते ही हैं. ऐसे में इस साझेदारी के बाद लोग वैसे ही अपने मनपसंद रेस्टोरेंट से ट्रेन या रेलवे स्टेशन पर भी खाना मंगवा सकेंगे, जैसे वे अपने घर या दफ्तर में मंगवाते हैं. आईआरसीटीसी के सीएमडी संजय कुमार जैन ने बताया कि यह सेवा बेंगलुरु, विजयवाड़ा, विशाखापत्तनम





**चलेंगे साथ**

- भारतीय ट्रेनों से रोज सवा दो करोड़ लोग यात्रा करते हैं
- इस सेवा को बढ़ा कर 59 स्टेशनों तक बढ़ाया जाएगा

और भुवनेश्वर से सेवा शुरू हो रही है. उम्मीद है कि अगले एक सप्ताह में यह सेवा शुरू हो जाएगी.

इसे शीघ्र ही बढ़ा कर 59 स्टेशनों तक बढ़ाया जाएगा. उसके बाद इसे क्लास एवन और ए स्टेशनों तक बढ़ाया जाएगा. इस क्लास के इस समय देश भर में करीब साढ़े तीन सौ स्टेशन हैं. आईआरसीटीसी और स्विगी दोनों ने मिलकर यात्रियों को चलती ट्रेन में उनके सीट तक उनका पसंदीदा खाना पहुंचाने का लक्ष्य बनाया है. जैन का कहना है कि यह सेवा फिलहाल रिजर्व क्लास यानी एसी और स्लीपर क्लास में ही शुरू होगी. सेकेंड क्लास में भी रिजर्व कोच में ही सेवा शुरू होगी. अनरिजर्व में अभी सेवा नहीं मिलेगी. बता दें कि ऐसा पहली बार नहीं हुआ है कि इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन ने ट्रेन में यात्रियों को खाना पहुंचाने के लिए पहली बार किसी फूड डिलीवरी ऐप से हाथ मिलाया हो. आईआरसीटीसी ने पिछले साल अक्टूबर में जोमेटो के साथ भी पार्टनरशिप की थी, जो भारत के कई स्टेशनों पर फूड डिलीवरी सर्विस देते हैं. ट्रेन में यात्रा के दौरान आईआरसीटीसी से ऑनलाइन टिकट बुक करने वाले यात्री आसानी से आईआरसीटीसी ई-कैटेगरिंग पोर्टल के जरिए अपना पीएनआर नंबर डालकर खाना ऑर्डर कर सकते हैं. इस दौरान यात्री उसी ऐप में रेस्टोरेंट का नाम, खाना या अपने किसी पसंदीदा रेस्टोरेंट से भी खाना ऑर्डर कर सकते हैं. यात्री खाने की पेमेंट ऑनलाइन या कैश ऑन डिलीवरी भी कर सकते हैं

बता दें कि स्विगी भारत की सबसे बड़ी और सबसे अधिक मूल्यवान ऑनलाइन फूड डिलीवरी ऐप है. इसकी स्थापना 2014 में हुई थी. इस कंपनी का हेडक्वार्टर बेंगलुरु में है. कंपनी का दावा है कि इस समय देश के 100 से भी ज्यादा शहरों में उसकी सेवा मिल रही है. सितंबर 2019 में, स्विगी ने त्वरित पिकअप और ड्रॉप सेवा स्विगी गो लॉन्च किया है. इस सेवा का उपयोग विभिन्न प्रकार की वस्तुओं के लिए किया जाता है,जिसमें कपड़े धोने और दस्तावेज़ या पार्सल वितरण से लेकर व्यापारिक ग्राहक और खुदरा ग्राहक शामिल हैं.

### कंपनी को 300 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ

जहां तक आईआरसीटीसी के कारोबार की बात है तो बाजार में बेहतर स्थिति में है. दो सप्ताह पहले कारोबार खत्म होने पर आईआरसीटीसी का शेयर 1 प्रतिशत मजबूत होकर 936 रुपये पर सेटल हुआ था. सुबह यह बढ़त के साथ बीएसई पर 929 रुपये पर खुला और दिन में 939.25 रुपये के हाई तक गया. आईआरसीटीसी शेयर के लिए 52 सप्ताह का उच्च स्तर 1049.75 रुपये और निचला स्तर 557.15 रुपये है. शेयर अपर प्राइस बैंड 10 प्रतिशत की बढ़त के साथ 1029.50 रुपये है. अक्टूबर-दिसंबर 2023 तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट 17.4% बढ़ा है. इस दौरान कंपनी को 300 करोड़ रुपये का मुनाफा हुआ है. रेवेन्यू सालाना आधार पर 21.8% बढ़कर 1,118.3 करोड़ रुपये हो गया है. ऐसे में निवेशकों के लिए भी आईआरसीटीसी निवेश का एक अच्छा माध्यम है.





**मुंबई ।** बॉलीवुड अभिनेत्री रानी मुखर्जी मंगलवार को मुंबई में फिक्की फ्रेम्स के 24वें संस्करण के उद्घाटन समारोह में शामिल हुईं. **(पीटीआई फोटो)**

# सीसीआई करेगा कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर मार्केट स्टडी

**भाषा।नयी दिल्ली**

निष्पक्ष व्यापार नियामक सीसीआई जल्द ही कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर बाजार अध्ययन शुरू करेगा. भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) की प्रमुख रवनीत कौर ने मंगलवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि एआई को लेकर बढ़ती चिंताओं को समझने के लिए यह अध्ययन किया जाएगा. हाल के दिनों में विभिन्न क्षेत्रों में एआई अनुप्रयोगों का इस्तेमाल तेजी से बढ़ा है. कौर ने यहां एक कार्यक्रम में कहा कि हम जल्द ही भारतीय बाजारों में एआई और एआई के उपयोग के संबंध में व्यापक समझ हासिल करने के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर एक बाजार अध्ययन शुरू करेंगे. इससे नवाचार और निष्पक्ष प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए आयोग की तैयारियों में मदद मिल सकती है.

**उछाल** सबसे पुरानी क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन की कीमत सोमवार को ऑल-टाइम हाई पर पहुंच गई

# ट्रेड के दौरान बिटकॉइन 68791 डॉलर पर पहुंची

**भाषा ।नयी दिल्ली**

दुनिया की सबसे लोकप्रिय, सबसे पुरानी और सबसे बड़ी क्रिप्टोकरेंसी बिटकॉइन की कीमत सोमवार को ऑल-टाइम हाई पर पहुंच गई. 10 नवंबर, 2021 को 68,789 डॉलर पर पहुंचने के बाद इसकी कीमत में काफी गिरावट आई थी. लेकिन हाल के दिनों में इसमें काफी तेजी देखी जा रही है. सोमवार को ट्रेड के दौरान यह 68,791 डॉलर पर पहुंच गई.

अमेरिका में कई बिटकॉइन ईटीएफ को मंजूरी मिली है जिसके बाद एक बार फिर निवेशकों का रुख इस ओर हुआ है. पहले 11 स्पॉट बिटकॉइन ईटीएफ जनवरी में लॉन्च हुए थे जो इस क्रिप्टोकरेंसी की



रियल-टाइम मार्केट प्राइस को ट्रैक करते हैं.

क्वायन मार्केट कैप के मुताबिक बिटकॉइन की कीमत में पिछले एक साल में 200 परसेंट से अधिक तेजी आई है. क्रिप्टोकरेंसी मार्केट में बिटकॉइन की आधी से अधिक हिस्सेदारी है. बिटकॉइन दुनिया की सबसे पुरानी क्रिप्टोकरेंसी है. इसे 2009 में लॉन्च किया गया था. साल 2010 में इसकी कीमत 0.008 डॉलर थी. यानी एक डॉलर में आप 125 बिटकॉइन खरीद सकते थे. अगर तब आपने यह निवेश किया होता तो आज आपके निवेश की वैल्यू 81 लाख डॉलर यानी 67,17,01,000 रुपये होती. बिटकॉइन में तेजी के कई कारण हैं. अमेरिका में हाल में कई बिटकॉइन ईटीएफ को मंजूरी मिली है. इसके बाद से इसके वॉल्यूम में गजब की तेजी आई है.

आने वाले दिनों में बिटकॉइन को दो हिस्सों में बांटने की भी तैयारी है. साथ ही कई जियोपॉलिटिकल कारणों से इन्वेस्टर्स अपने पोर्टफोलियो को डाइवरसिफाई करना चाहते हैं. यही वजह है कि वे बिटकॉइन का रुख कर रहे हैं जिसे डिजिटल इन्वेस्टमेंट का सुरक्षित ठिकाना माना जाता है. बिटकॉइन के वर्चुअल क्रिएटर सतोशी नाकामोतो ने 28 अक्टूबर, 2008 को इसका व्हाइटपेपर जारी किया था लेकिन इसकी मिंट डेट तीन जनवरी, 2009 थी.

**आई तेजी**

- 10 नवंबर, 2021 को 68789 डॉलर पर पहुंची थी
- साल 2010 में बिटकॉइन की कीमत 0.008 डॉलर थी

# नियामक घेराबंदी वृद्धि दर को कर सकती है बाधित : कोटक

**भाषा।नयी दिल्ली**

अनुभवी बैंकर उदय कोटक ने मंगलवार को कहा कि बहुत अधिक नियामक घेराबंदी आर्थिक वृद्धि को बाधित कर सकती है और एक विकसित राष्ट्र की ओर भारत की यात्रा को रोक सकती है.उन्होंने राष्ट्रीय वित्तीय रिप ोटि ंग प्राधिकरण (एनएफआरए) के दो दिवसीय कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि नियामकों को बहुत अधिक रूढ़िवादी और सतर्क नहीं होना चाहिए. इसकी जगह संबंधित क्षेत्रों में किसी आकस्मिक घटना पर तेजी से प्रतिक्रिया देनी चाहिए. उन्होंने



कहा कि मैं भारत के भविष्य के बारे में बहुत आशावादी हूं, लेकिन मैं इस बात को लेकर भी बहुत सचेत हूं कि... घेराबंदी के बिना अवसरों को पाने की बेलगाम कोशिश जोखिम पैदा कर सकती है और इसी तरह बहुत अधिक घेराबंदी से भी हम वहां (विकसित देश) तक नहीं पहुंच पाएंगे. कोटक ने कहा कि अगले 20-25 वर्षों में 7.5-8 प्रतिशत की तेज वृद्धि दर हासिल करने के लिए महत्वपूर्ण क्षमता निर्माण जरूरी है. इसके लिए रचनात्मकता, उद्यमिता और पेशेवर भावना की जरूरत है. उन्होंने कहा कि यदि भारतीय अर्थव्यवस्था को बदलना है तो हमें अपनी अपनी उद्यमशीलता और रचनात्मक भावनाओं की रक्षा और पोषण करने की बहुत जरूर है.

## गोदरेज ने नोएडा में 6.46 एकड़ जमीन खरीदी

**नयी दिल्ली ।** रियल एस्टेट कंपनी गोदरेज प्रॉपर्टीज लिमिटेड ने नोएडा में 6.46 एकड़ जमीन खरीदी है. कंपनी की योजना इस जमीन पर 3,000 रुपये के अनुमानित राजस्व वाली एक आवासीय परियोजना विकसित करने की है. कंपनी ने मंगलवार को शेयर बाजार को बताया कि नोएडा प्राधिकरण की ई-नीलामी में उसे नोएडा में एक प्रमुख भूखंड विकसित करने के लिए सबसे ऊंची बोली लगाने वाली कंपनी घोषित किया गया है और उसने आवंटन पत्र हासिल कर लिया है. कुल 6.46 एकड़ में फैली यह जमीन नोएडा के सेक्टर 44 में स्थित है. कंपनी ने कहा कि भूखंड में लगभग 14 लाख वर्ग फुट विकास क्षमता और लगभग 3,000 करोड़ रुपये की राजस्व क्षमता है. नोएडा में गोदरेज प्रॉपर्टीज की यह छठी परियोजना होगी.

